


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, रविवार 27 अप्रैल 2025 | वर्ष-13 अंक-255 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए | पेज - 6


## प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटते हुए कहा, आपके हाथों में है देश का भविष्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे और कहा कि आज भारत सरकार ने विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की नौकरियां दी हैं। ये महज नियुक्तियां नहीं हैं, बल्कि ये देश के भविष्य निर्माण की बड़ी शुरुआत है।

पीएम मोदी ने आयोजित रोज़गार मेला में देश के 51,000 से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को बधाई देते हुए उन्हें देश के भविष्य का निर्माता बताया और भारत की युवा शक्ति की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि आज भारत सरकार के विभिन्न विभागों में 51,000 से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां दी गई हैं। ये सिर्फ नियुक्ति पत्र नहीं हैं, ये राष्ट्र निर्माण के बड़े संकल्पों की शुरुआत हैं। उन्होंने अपने संबोधन में आईएमएफ की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे




तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने कहा, कि आज का समय भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलें।

### रोजगार के लाखों नए अवसर

प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया को मजबूती देने के लिए शुरू किए गए नए मैन्युफैक्चरिंग मिशन का जिक्र भी किया। यहां उन्होंने कहा कि इससे एमएसएमई सेक्टर और लघु उद्यमियों को बल मिलेगा, साथ ही रोजगार के लाखों नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।

### नारीशक्ति की सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीएससी परिणामों में महिलाओं की शानदार उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा, कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। नौकरशाही से लेकर अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र तक, नारीशक्ति नई बुलंदियों को छू रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं चला रही है, जैसे बैंक सखी, कृषि सखी और 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह जो देशभर में 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं।

### विश्व मंच पर भारतीय युवाओं को मिलेगा अवसर

प्रधानमंत्री ने बताया कि जल्द ही भारत में वेव्स 2025 (विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन) का आयोजन होगा, जिसका केंद्र बिंदु भारत के युवा क्रिएटर्स होंगे। यह पहल भारत की रचनात्मक प्रतिभा को वैश्विक मंच पर लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस प्रकार यह रोज़गार मेला केवल नौकरियों का उत्सव नहीं, बल्कि भारत के आत्मनिर्भर और विकसित भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक है।

## ब्रीफ न्यूज

### ईरान के राजई बंदरगाह पर भीषण धमाका

**नई दिल्ली।** ईरान के बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में शनिवार को एक भीषण धमाका और आग लगने की घटना हुई है। इस ब्लास्ट में घायलों की संख्या बढ़कर 516 तक पहुंच गई है। ये जानकारी ईरान की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता बाबक यक्तापेरस्त ने दी। हालांकि धमाके के करीब तीन घंटे बाद तक किसी भी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं, प्रांतीय आपदा प्रबंधन अधिकारी मेहरदाद हसनजादेह ने बताया कि धमाका काफी भयावह था। विस्फोट में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 516 हो गई है। घायलों में से कई लोगों को होर्मोज़गान प्रांत के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

हसनजादेह के मुताबिक ये धमाका राजई बंदरगाह पर कंटेनरों की वजह से हुआ है। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अन्य टीमें क्षेत्र को खाली कराने में जुटी हैं।

### कनाडा में मंदिर और गुरुद्वारे में तोड़फोड़

**अमृतसर।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों – लक्ष्मी नारायण मंदिर (सरे) और रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा (वैंकूवर) में 19 अप्रैल की सुबह-सुबह तोड़फोड़ की गई। ये घटनाएं सुबह करीब 3 बजे हुईं। अब सरे पुलिस सेवा (एसपीएस) और वैंकूवर पुलिस विभाग (वीपीडी) ने इन घटनाओं को अंजाम देने वालों की सीसीटीवी तस्वीरें जारी की हैं। स्थानीय पुलिस ने जनता से अपील की है कि इस मामले से जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी उन्हें तुरंत दी जाए। खास तौर पर यह घटना 19 अप्रैल को हुई, जब बैसाखी के मौके पर स्थानीय इलाकों में बड़ी संख्या में नगर कीर्तन निकाले जाने थे। साफ है कि इस घटना को अंजाम देकर कनाडा में बसे हिंदू और सिख समुदाय के बीच सांप्रदायिक दंगे भड़काने की कोशिश की गई।

### पिकअप ने 11 लोगों को कुचला, 7 मरे

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में शनिवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार पिकअप ने 11 लोगों को कुचल दिया, जिसमें 6 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में 4 महिलाएं गंभीर घायल हैं। हादसा इतना भयानक था कि कई शवों के 2 टुकड़े हो गए। ये सभी एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम करने आए थे। मरने वालों में 4 महिलाएं एक ही परिवार की थीं। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। सूचना के बाद फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में रखवाया।

### पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 की मौत

**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर के देवबंद में शनिवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि घटना के वक्त फैक्ट्री के अंदर 10 से ज्यादा लोग मौजूद थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरी बिल्डिंग ढह गई। शवों के चीथड़े 100 से 150 मीटर दूर तक जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के समय ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो। हादसे की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। इलाके को सील कर दिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### पेंच टाइगर रिजर्व में मिला बाघ का शव

**सिवनी।** पेंच टाइगर रिजर्व के रूखड़ बफर जंगल के सघन वनक्षेत्र में गश्ती दल को शनिवार सुबह एक बाघ का शव मिला है। बाघ का शव कुछ दिन पुराना होने का अनुमान है, जिसके शरीर का अधिकांश हिस्सा सड़कर खराब हो गया है। जानकारी के अनुसार रूखड़ पूर्व बीट के जंगल में मासूलनाला के आगे सघन और दुर्गम क्षेत्र में मिले बाघ के शव का पोस्ट मार्टम कराने पेंच पार्क में पदस्थ वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा को मौके पर बुलाया गया है। वहीं डॉग स्क्वायड के अलावा पेंच के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह सहित वन अधिकारी और मैदानी अमले ने मौके पर पहुंचकर छानबीन प्रारंभ कर दी है।

## अमेरिका और चीन के टैरिफ वार को अवसर बनाएगी योगी सरकार, नई निर्यात नीति... ODOP की होगी अहम भूमिका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ वार को प्रदेश के लिए अवसर बनाने की तैयारी में है। यूपी में कानून व्यवस्था, वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाओं (एक्सप्रेसवे, सामान्य एवं इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अंतरराज्यीय जलमार्ग) का विस्तार, भरपूर मानव संसाधन के नाते सस्ता श्रम, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएसई) को बढ़ावा देने के कारण अन्य राज्यों की तुलना में यहां संभावनाएं बढ़ गई हैं।

अब सरकार इन संभावनाओं को हकीकत में बदलने के लिए नई निर्यात नीति लाने जा रही है। इसमें इन्वेस्ट यूपी को और प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा। सरकार देश-दुनिया में यूपी के उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में इंटरनेशनल ट्रेड शो भी आयोजित करती है। इस साल भी 25 से 27 सितंबर तक इसका आयोजन किया जाएगा।

इस बार इस आयोजन का पार्टनर देश वियतनाम होगा। इसमें भारत सहित 70 देशों के लाखों लोग ब्रांड यूपी से रूबरू होंगे।



आयोजन को भव्य बनाने के लिए महाराष्ट्र, दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों और दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद और इंदौर आदि प्रमुख शहरों एवं एयरपोर्ट्स तथा रेलवे स्टेशनों पर इनका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। देश-दुनिया में ब्रांड यूपी के प्रचार प्रसार के लिए प्रस्तावित निर्यात नीति में निर्यात संवर्धन कोष भी बनेगा।

लेदर एवं फुटवियर के निर्यात में यूपी 46 फीसदी हिस्सेदारी के साथ देश में पहले स्थान पर है। इसे और ऊंचाई पर ले जाने के लिए सरकार लेदर एवं फुटवियर पॉलिसी भी लाने जा रही है। तमिलनाडु के बाद ऐसा करने वाला यूपी दूसरा राज्य होगा। इस नीति के लागू होने और निर्यात बढ़ने का असर कानपुर, उन्नाव से लेकर आगरा तक दिखेगा।

### एमएसएमई इकाइयों में बनते हैं तमाम उत्पाद

एमएसएमई सेक्टर के लिए तो यह टैरिफ वार गोल्डन ऑपर्च्युनिटी साबित हो सकता है। ज्ञात हो कि चीन, अमेरिका को रोजमर्रा के समानों का सबसे बड़ा (148 अरब डॉलर) निर्यातक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन सामानों के निर्यात में चीन की हिस्सेदारी करीब 72 फीसदी है, जबकि भारत की हिस्सेदारी सिर्फ दो फीसदी है। ये तमाम उत्पाद एमएसएमई इकाइयों में बनते हैं। 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के लिहाज से उत्तर प्रदेश इसमें भी देश में नंबर एक पर है। सरकार इनमें बनने वाले उत्पादों को गुणवत्ता एवं कीमत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए इनसे जुड़े लोगों के कौशल विकास के लिए लगातार ट्रेनिंग प्रोग्राम भी चलाती है। इसका निर्यात पर असर भी पड़ा है।

### 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने का लक्ष्य

विशेषकर एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) से जुड़े उत्पादों के निर्यात में काफी वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर कहते हैं कि एक जनपद एक उत्पाद योजना की शुरुआत के बाद से प्रदेश का निर्यात 88967 करोड़ से बढ़कर दो लाख करोड़ से अधिक का हो गया है। 2030 तक सरकार का लक्ष्य इसे तीन गुना करने का है।

## गुजरातभर में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1000 से अधिक हिरासत में लिए गए

### गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी की चेतावनी- घुसपैठियों को पनाह देनेवालों के खिलाफ भी होगी सख्त कार्रवाई

**अहमदाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद गुजरात समेत देशभर सुरक्षा एजंसियां हरकत में आ गई हैं। एक ओर जहां केन्द्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटों के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया है, वहीं दूसरी ओर घुसपैठियों के खिलाफ भी स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके तहत गुजरात में अब तक करीब एक हजार जितने बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिरासत में लेकर उन्हें डिपोर्ट करने की कार्यवाही तेज कर दी है। बीती रात अहमदाबाद और सूरत में घुसपैठियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू कर सैंकड़ों को



हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र से पुलिस ने एक ही रात में 890 जितने बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिरासत में ले लिया। जिसमें 436 पुरुष, 240 महिला और 214 बच्चे शामिल हैं। जबकि सूरत से 132 घुसपैठिये हिरासत में लिए गए हैं। जिसमें 88 पुरुष और 44 महिला शामिल हैं। घुसपैठियों की तलाश में सूरत पुलिस ने शहर के ऊन, सचिन, लिंबायत, लालगेट, सलाबतपुरा इत्यादि क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया।

घुसपैठियों को लेकर गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने बड़ी चेतावनी दी है। हर्ष संघवी ने कहा कि घुसपैठियों को पनाह देनेवालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बंगाल के फर्जी दस्तावेज के आधार पर अलग अलग जगहों पर जांच की जाएगी। अहमदाबाद से 890 और सूरत से 134 बांग्लादेशी हिरासत में लिए गए हैं। हर्ष संघवी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि गुजरात में घुसपैठियों के खिलाफ यह अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है।

## ताबड़तोड़ एक्शन-लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 7 आतंकियों के घर मिट्टी में मिलाए



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बल के जवान आतंकियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। बीती रात को बड़ी कार्रवाई करते हुए लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े सात आतंकियों के घरों को ध्वस्त कर दिया है। यह अभियान दक्षिण कश्मीर के शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में चलाया गया। शोपियां के छोटीपोरा गांव में लश्कर कमांडर शाहिद अहमद कुट्टे का घर मलबे में तब्दील कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, कुट्टे पिछले 3-4 वर्षों से आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय था और कई हमलों का समन्वयक रहा है। वहीं, कुलगाम के मतलाम इलाके में सक्रिय आतंकी जाहिद अहमद का घर भी ढहा दिया गया।

बता दें कि पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पूरे क्षेत्र में बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है और आतंकियों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलवामा के मुर्रन क्षेत्र में आतंकी अहसन उल हक का घर विस्फोट से उड़ाया गया। अहसन ने 2018 में पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण लिया था और हाल ही में घाटी में फिर से सक्रिय हुआ था। इसके अलावा, लश्कर आतंकी एहसान अहमद शेख का दो मंजिला मकान भी ध्वस्त कर दिया गया, जो जून 2023 से सक्रिय है। हैरिस अहमद के घर को भी उड़ा दिया गया। वह 2023 से आतंक में लिप्त है। पुलवामा के कचिपोरा स्थित घर को विस्फोट से उड़ाया गया।

इससे पहले गुरुवार रात को पहलगाम हमले में शामिल अदिल हुसैन और आसिफ शेख के घर भी विस्फोट से नष्ट किए गए। जानकारी के अनुसार, इनके घरों में विस्फोटक सामग्री भी रखी गई थी।

आपको बता दें कि अनंतनाग पुलिस ने गुरुवार को तीन आतंकियों के स्केच जारी किए थे। तीनों आतंकियों की सूचना देने वाले को 20 लाख के इनाम की घोषणा की गई है। घटना के दिन पहलगाम के मिनी स्विट्ज़रलैंड में अचानक गोलियों की बौछार शुरू हो गई। पर्यटक जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे, लेकिन खुले मैदान में छुपने की कोई जगह नहीं थी। इस हमले में एक नेपाली नागरिक समेत 26 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद कार्रवाई करते हुए भारत सरकार ने पाकिस्तान पर आतंकवाद के समर्थन का आरोप लगाते हुए सिंधु जल संधि निलंबित कर दी है और पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों को निष्कासित कर दिया है।

## झांसी जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में लगी आग, भर्ती थे 16 मासूम; कुछ महीने पर गई थी 18 की जान

**झांसी।** झांसी में शनिवार शाम जिला अस्तपाल के बच्चा वार्ड की छत पर शार्ट सर्किट से अचानक आग भड़क उठी। थोड़ी देर में आग आगे फैलने लगी। आग की लपटें देखकर वहां चीख-पुकार मच गई। जिनके बच्चे वार्ड में भर्ती थे, वह अपने बच्चों को लेकर बाहर भागने लगीं। अस्पताल प्रशासन ने आग बुझाने की कोशिश की। दमकल की गाड़ियां भी बुला ली गईं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### वार्ड में भर्ती थे 16 बच्चे

चिल्ड्रेन वार्ड में करीब 16 बच्चे भर्ती थे जिन्हें तत्काल वार्ड से बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है शाम करीब साढ़े चार बजे बच्चा वार्ड की छत पर खुले तार से शार्ट सर्किट होने लगा। वहां सूखे पत्ते पड़े थे। शार्ट सर्किट की वजह से पैदा हुई चिंगारी ने उनमें आग पकड़ ली। आग भड़कते ही अस्पताल प्रबंधन ने बिजली आपूर्ति काट दी।



### पुलिस का बयान

बच्चा वार्ड में आग लगने की सूचना पर एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। दमकल की तीन गाड़ियां पहुंच गईं। कुछ देर में आग में काबू पा लिया गया। एसपी सिटी के मुताबिक प्रारंभिक छानबीन में वार्ड की छत पर खुले तारों में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आई है। नीचे वार्ड तक आग का कोई प्रभाव नहीं था। कोई भी व्यक्ति इसमें चुटहिल नहीं हुआ।

### आग ले चुकी है पहले डेढ दर्जन मासूमों की जान

घटना की सूचना पर एस पी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार, सीओ सिटी स्नेहा तिवारी, कोतवाल मौके पर जा पहुंचे। बताते चलें कि कुछ माह पूर्व मेडिकल कॉलेज के बच्चा वार्ड में आग लगी थी, जिसमें करीब डेढ़ दर्जन बच्चों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अभी रेलवे अस्पताल के ओटी में आग लग गई थी।

## बेतवा नदी में दर्दनाक हादसा: नौका डूबने से पिता-पुत्र की मौत

### तीन लोगों की बचाई गई जान

झांसी। एरच थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम डिकौली के पास बेतवा नदी में नौका विहार कर रहे परिवार की नाव अचानक जलमग्न हो गई। इस हादसे में पिता और पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। थाना प्रभारी नीलेश कुमारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बेतवा नदी में नौका विहार के दौरान यह हादसा हुआ। दो लोगों की मौत हो चुकी है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए झांसी भेज दिया गया है। ग्रामीणों और परिवार में इस



हादसे के बाद मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नदी या अन्य जलाशयों में नौका विहार करते समय विशेष सतर्कता बरतें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

### जन्मदिन के बाद नौका विहार करने गया था परिवार

एरच कस्बे में एक बच्चे का जन्मदिन पार्टी आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम में सम्मिलित होने कुछ रिश्तेदार भी पहुंचे थे। समारोह के बाद राकेश कुशवाहा अपने पुत्र अंशुल के साथ डिकौली घाट के पास नौका विहार करने पहुंचे। इसी दौरान तीन लोग नाव से उतरकर नदी में नहाने लगे, जिससे नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलटकर पानी में डूब गई।

» न्यूज कैप्सूल »

## ग्राम पंचायत पलका में बाल विवाह के दुष्परिणाम की दी जानकारी

**महोबा।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर बाल मैत्री ग्राम पंचायत विकसित करने हेतु चिन्हित ग्राम पंचायत पलका में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का क्षमतावर्धन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आशा बहु, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं पंचायत सदस्यों ने प्रतिभाग किया। महिला कल्याण विभाग से. संरक्षण अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर वह अन्य लोगों ने बैठक में प्रतिभाग किया तथा बालसभा गठन, इनके उत्तरदायित्व, नियमित बैठकों, अपेक्षित प्रस्तावों, कार्यवाही रजिस्टर तथा ग्राम पंचायत स्तरीय कार्ययोजना के बारे में संबंधित को बताया। अतः बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी दी गई एवं विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में बताया गया।

## थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं को सुन निराकरण हेतु आवश्यक दिए निर्देश

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली नगर महोबा में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर, शिकायतों के शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी नगर जितेन्द्र कुमार के साथ थाना कबरई एवं थाना खन्ना में उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उनके शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार द्वारा भी थाना पनवाड़ी में जनसुनवाई कर, जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई।

## जनपद में स्कूल आधारित टी डी टीकाकरण अभियान प्रारंभ

**महोबा।** प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार आज से 10 मई 2025 तक जनपद महोबा सहित प्रदेश के सभी जनपदों में स्कूल आधारित टी डी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को टेटनस एवं डिफ्थीरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु सुरक्षा प्रदान करना है। जनपद महोबा में इस अभियान के अंतर्गत 10 वर्ष एवं 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर टी डी टीका लगाया जा रहा है। टीकाकरण सत्र जनपद के समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों तथा इंटर कॉलेजों में आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमों द्वारा विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। जिला अधिकारी महोबा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) महोबा आशाराम के नेतृत्व में अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों से भी अपेक्षा की गई है कि वे विद्यार्थियों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करें तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति में सहयोग करें।

समस्त अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने 10 वर्ष एवं 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालय भेजकर टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। टी डी टीका पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी एवं निःशुल्क है। बच्चों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें- जिला स्वास्थ्य समिति, महोबा

## डीएम ने जिला महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को रात्रि समय 9ः00 बजे जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत की और उपचार व्यवस्था के साथ ही दवायें मिलने के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महिला चिकित्सालय में ओपीडी वार्ड, स्किल लैब, पोस्ट डिलेवरी वार्ड, स्टरलाइजेशन कक्ष, एसोप्टिक लेबर रूम आदि वार्डों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके चिकित्सीय इलाज के संबंध में जानकारी लेते हुए चिकित्सको को अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों से वार्ता करते हुए उनकी बीमारी एवं अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधा के संबंध में जानकारी ली तथा उपस्थित स्टाफ नर्सो को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल को निर्देशित किया कि सभी स्टाफ नर्स व चिकित्सकों की अस्पताल में समय से उपस्थित कराना सुनिश्चित करें और अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

# भा.ह.कि.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ग्राम सतारी व श्रीनगर में किसान पंचायत के माध्यम से किसानों को किया जागरूक

**महोबा।** जिले में भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रमुख राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिले में आमद दर्ज कराते हुये किसान पंचायतों के माध्यम से किसान हित का संदेश दिया है।

भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सौंलकी एवं प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोपाल भदौरिया, सुधीर सिंह राघव, संजीव यादव सहित कन्नौज जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, बिजनोर जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश के पदाधिकारियों ने महोबा पहुंचकर ग्राम सतारी, श्रीनगर में किसान पंचायत में शिरकत करते हुये किसानों को स्वयहित के लिये जागरूक रहने की



बात कही, राष्ट्रीय अध्यक्ष सोलंकी ने लगभग एक दर्जन मुख्य पदाधिकारियों के साथ नकरा पनवाड़ी पर दोपहर 3 बजे पहुँच कर जिले में आमद दर्ज की सभी का स्वागत बड़ी ही धूमधाम से जिला कार्यकारिणी के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में किया जिसमें रामकरण मिश्रा भडरा प्रधान प्रतिनिधि, बुंदेलखंड सचिव राजेंद्र सिंह परिहार,जिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेंद तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष आलोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेश नायक, दारा सिंह जिला सचिव,जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवारी, महोबा तहसील अध्यक्ष राकेश यादव, यूवा तहसील अध्यक्ष शिशुपाल सिंह परिहार, प्रदीप भदौरिया, बलवंत सिंह, धनेंद्र दीक्षित,जुगल किशोर गर्ग, उमेश त्रिपाठी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

जिले में उस समय हरित माहौल बन गया जब भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी अपनी दर्जन भर गाड़ियों के काफिले के साथ नकरा पनवाड़ी पहुँचे, जहाँ लगभग 40 गाड़ियों के काफिले के साथ जिला महोबा भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष व सभी पदाधिकारियों का फूल माला एवं पुष्प वर्षा के साथ डीजे धुन के साथ जोरदार स्वागत किया, इसके बाद पूरा किसान मोर्चा पनवाड़ी होते हुये ग्राम भरवारा, सतारी, कुलपहाड़, बेलाताल, श्रीनगर पहुँचा श्रीनगर किसान पंचायत के बाद जिला मुख्यालय में माँ चण्डिका चौराहे से होते हुये किसान यात्रा का एकता पैलेस में समापन किया गया, यात्रा में बड़ी संख्या में किसानों ने जगह जगह सभी किसान नेताओं का स्वागत किया, पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पूरी किसान यात्रा में पुलिस के व्यापक इंतजाम रहे ।

## अपनी ही माँ की हत्या करने वाले पुत्र को कबरई पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व ऐसी घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित की गयी पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 126/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना कबरई जनपद महोबा से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त जिसने मामूली विवाद में अपनी ही माँ पर जानलेवा हमला कर हत्या कर दी थी, इस घटना को कारित करने वाले वांछित अभियुक्त हीरालाल कुशवाहा पुत्र स्व0 लाखन कुशवाहा निवासी मुहल्ला विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा उम्र 32 वर्ष मु0 विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा को मोहल्ला विशालनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, बाद गिरफ्तारी अभियुक्त उपरोक्त को सम्बन्धित न्यायधीश के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

## जनपद में जो भी फर्जी विद्यालय चल रहे है उन विद्यालयों पर करें सख्त कार्यवाही: डी एम

**महोबा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति एवं समस्त बोर्डो से मान्यता प्राप्त स्ववित्तपोषित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबन्धकों की बैठक आहूत की गयी, जिसमें समिति के सदस्य सचिव जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 की नियमावली में दिये गये प्रावधानों से मीटिंग में उपस्थित समस्त प्रधानाचार्यों / प्रबन्धकों को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त स्ववित्तपोषित विद्यालयों के प्रधानाचार्यो / प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि शिक्षा प्रदान करना एक पुण्य का कार्य है इसको व्यवसाय न बनाया जाये। कोई भी स्ववित्तपोषित विद्यालय जिला शुल्क नियामक समिति के अनुमोदन के बिना शुल्क में वृद्धि नही करेगा और न ही किसी विशेष नियत दुकान से किताबें, यूनीफॉर्म, जूता, मोजा, बैंग इत्यादि क्रय करने हेतु वाध्य करेगा, यदि उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम,



2018 की नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के विपरीत कोई शिकायत प्राप्त होती है तो कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा स्ववित्तपोषित विद्यालयों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके नियमानुसार यथा सम्भव निराकरण करने का आश्वासन दिया गया तथा स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 की नियमावली में दिये गये प्रावधानों को पालन करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी नें सभी सम्बंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में बच्चों कि उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं तथा किसी भी बच्चे का स्कूल द्वारा शोषण न किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में जो भी फर्जी विद्यालय चल रहे है उन विद्यालयों पर सख्त कार्यवाही की जाये।

बैठक में राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), महोबा, तथा जिला शुल्क नियामक समिति के सदस्य देव कुमार यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी, विकास कुमार गौड़, अधिशाषी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सतीश कुमार उत्तम, चार्टड एकाउटेंट, एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के प्रधानाचार्य / प्रबन्धक उपस्थित रहे।

## आगामी 28 अप्रैल को नारी शक्ति गौरव उत्सव एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**महोबा।** महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य सशक्तिकरण के लिए विगत 28 वर्षों से कार्य कर रही अनुरागिनी संस्था के तत्वावधान में आगामी 28 अप्रैल 2025 को जनपद के कबरई विकास खंड के ग्राम बिलरही के चिंतापुरी मंदिर परिसर में 卐नारी शक्ति गौरव उत्सव एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर卐 का आयोजन किया जा रहाहै।

इस भव्य कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश सरकार की सदस्य अनुपमा लोधी जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। साथ ही, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक एवं अनुरागिनी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

नारी शक्ति गौरव उत्सव का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की उन महिलाओं को सम्मानित करना है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ अर्जित कर



समाज के समक्ष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम के दूसरे प्रमुख भाग में महिलाओं और स्थानीय ग्रामीण जनों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजित किया जाएगा। इसमें अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य अतिथि अनुपमा लोधी महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वावलंबन जैसे विषयों पर अपना महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ग्रामीण क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण एवं सहकारिता आंदोलन की भूमिका पर प्रकाश डालेंगे।कार्यक्रम के संयोजक एवं अनुरागिनी संस्था के क्षेत्रीय समन्वयक दीपेन्द्र सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुरागिनी संस्था विगत 28 वर्षों से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण व पिछड़े इलाकों में महिलाओं के समग्र विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और जल संरक्षण जैसे विषयों पर निरंतर कार्य कर रही है। संस्था का यह प्रयास है कि महिलाओं को न केवल उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्य धारा में लाया जाए।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा नारी शक्ति पर आधारित गीत एवं नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे।

## समाज के सभी वर्गों को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ: एमएलसी सेंगर



### तिंदुही, पचपहरा गांव में चौपाल लगा सुनी समस्याएं,निदान का दिया भरोसा

**महोबा।** भाजपा संगठन के निर्देश पर डॉ भीमराव अंबेडकर संपर्क अभियान के अंतर्गत खन्ना मंडल के ग्राम पचपहरा एवं ग्राम तिंदुही में अनुसूचित बस्तियों में ग्रामीणों से संपर्क कर सरकार की योजनाओं से अवगत कराया एवं चौपाल माध्यम से ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य,पेयजल,सीसी सड़क एवं पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं से लोगों द्वारा अवगत कराया कुछ समस्याओं को मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारी से वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिए द्य साथ में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री ओंकार सोनी जी, चेयरमैन मतौंध श्री सुधीर सिंह जी, श्री हरिश्चंद जी, बूथ अध्यक्ष श्री सागर जी,श्री आकाश जी, आशीष निगम जी सहित ग्राम वासी।

## संदिग्ध परिस्थितियों के चलते नदी में मिला 42 वर्षीय व्यक्ति का शव , परिजनों में मचा कोहराम

**हमीरपुर।** जनपद में राठ क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत मुहाना नदी में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस के द्वारा शनिवार को मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के चिकासी थाना एवं चिकासी गांव का निवासी 42 वर्षीय व्यक्ति कीरत अनुरागी पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल का शव आज शनिवार की सुबह करीब 8 बजे संदिग्ध परिस्थितियों के चलते गाँव के बाहर स्थित बेतवा नदी में पड़ा हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि कल शुक्रवार को उनके गांव में इटैलिया राजा गाँव से रामकिशन के यहाँ उसकी पुत्री की शादी की बारात आई हुई थी। तथा मृतक कीरत अनुरागी शादी में शामिल हुआ था। जिसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों के



चलते शनिवार की सुबह उसका शव बेतवा नदी में पड़ा हुआ मिला है। परिजनों ने बताया कि आगामी 8 मई को मृतक कीरत अनुरागी के पुत्र प्रदीप का विवाह होना भी सुनिश्चित है। मृतक कीरत अनुरागी के पास तीन बीघा कृषि भूमि थी। जिसमें वह खेती किसानी के अलावा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का ब्रांड पोषण करता था जो कि अपने पीछे पुत्र प्रदीप और संदीप के अलावा भाई हरगोविंद सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में चिकासी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

## जरिया थाना क्षेत्र के जमखुरी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर 14 वर्षीय किशोरी ने की आत्महत्या

**हमीरपुर।** जनपद में सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के जमखुरी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 14 वर्षीय एक किशोरी ने अपने मकान में जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपने जीवन लीला को समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किशोरी के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के जमखुरी गांव की निवासी 14 वर्षीय किशोरी शिखा पुत्री हजारीलाल ने शनिवार की सुबह करीब 9ः00 अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके बाद किशोरी की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। वहीं अचानक हुई इस घटना से मृतक किशोरी के परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले में राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्साधिकारी डॉ नेहा ने बताया कि गंभीर अवस्था में 14 वर्षीय किशोरी को सीएचसी में लाया गया था। जहां कुछ ही देर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है तथा बगैर पोस्टमार्टम कराये ही परिजन शव को अपने घर ले गए हैं।

## सर्राफा व्यापारियों ने बाहर से आए कारीगरों और व्यापारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराए जाने की लगाई गुहार, सीओ को सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के सर्राफा व्यापारियों ने आज शनिवार कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर बताया कि राठ कस्बे के कोटबाजार में बाहर से तमाम व्यापारी और बंगाल के कारीगर यहां पर सर्राफा मार्केट में काम कर रहे हैं लेकिन आज तक ना तो उनके आधिकारिक तौर पर पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है और ना ही उनकी जांच पड़ताल की गई है। बताया कि बाहर से आए यह बंगाली कारीगर आए दिन चोरी लूट और अपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर भाग जाते हैं। सर्राफा व्यापारियों ने मांग करते हुए कहा कि बाहर से आए सभी व्यापारियों और बंगाली कारीगरों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाए। जिससे व्यापारियों को असुविधा ना हो। इस दौरान सुनील सोनी, मनीष सोनी, रोहित सोनी, सुरेश सोनी व अमन सोनी के अलावा अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## राठ कोतवाली परिसर में किया गया समाधान दिवस का आयोजन, चार शिकायतों में सभी का हुआ निस्तारण

**हमीरपुर।** जनपद की राठ कोतवाली परिसर में आज शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार व पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह के अलावा राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर राम आसरे सरोज सहित राठ तहसील के सभी लेखपाल व कानूनगो मौजूद रहे। राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर राम आसरे सरोज ने बताया कि समाधान दिवस में भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों की चार शिकायतें आई हुई थी।

» न्यूज कैप्सूल »

## विधायक डॉक्टर रश्मि आर्य की पहल रंग लाई 1.42 करोड़ की लागत से नया वार्ड बनकर तैयार



**मऊरानीपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊरानीपुर में नए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर इमरजेंसी वार्ड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और इसे अगले महीने से शुरू करने की तैयारी है इसके शुरू हो जाने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहतर हो जाएगी नए वार्ड का निर्माण 1.42 करोड रुपए की लागत से पूरा किया गया है मऊरानीपुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर हैं इसे और बेहतर बनाने के लिए अस्पताल परिसर में 8000 वर्ग फीट के क्षेत्रफल में इमरजेंसी वार्ड का निर्माण किया गया है वार्ड में 1000 वर्ग फीट के रिसेप्शन हॉल के अलावा वार्ड एग्जामिनेशन रूम के अलावा स्टोर रूम रिकॉर्ड रूम इमरजेंसी वार्ड एग्जीमिनेशन रूम तीन डॉक्टर चेम्बर एक प्लास्टर रूम एक ट्रीटमेंट रूम के अलावा महिला व पुरुष के चार-चार प्रसाधन कक्ष बनाए गए हैं इसके साथ ही वार्ड में 10 आई सी यू बेड चार एग्जामिनेशन बेड, 14 आई वी स्टैण्ड दो व्हील चेयर दो स्ट्रेचर 8 डायरेक्ट टेबिल 25 मरीजों के लिए रिवाल्विंग स्टूल 12 रिवॉल्टिंग चेयर एक रिसेप्शन काउंटर 20 थीरी सीटर स्टील चेयर एक वाटर कूलर 8 एयर कंडीशन दो इलेक्ट्रॉनिक गीजर स्थापित किए गए हैं और निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण प्रखंड विभाग झांसी द्वारा पूरा किया गया है और इस वार्ड की स्थापना विधायक डॉ रश्मि आर्य की अहम् भूमिका रही है चिकित्साधीक्षक डॉक्टर आर जे सिंह ने बताया कि वार्ड का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और निर्माण एजेंसी द्वारा हस्तांतरित करते ही इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

## कश्मीर की घटना को लेकर व्यापारियों ने बाजार बंदकर, आतंकवाद का पुतला फूंका



**उरई।** पहलगाम कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में शनिवार को नगर के सम्मानित व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंदकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु राष्ट्रहित में सच्ची श्रद्धांजलि प्रेषित की। व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंदकर वास्तव में राष्ट्र के प्रति अपना समर्पण दिखाया। तीन घंटे की सांकेतिक बंदी का संपूर्ण समर्थन मिला। शनिवार को घंटाघर, बलदाऊचौक, सराफा बाजार, भरत चौक, जवाहर गंज, राठ रोड, स्टेशन रोड, आर्यकन्या रोड डीवीसी चौराहा, आंबेडकर चौराहा, मिश्रा मार्केट, बॉम्बे सिलेक्शन बाली गली मेन रोड अस्पताल गेट मच्छर चौराहा, कृष्णा टॉकीज बाली गली, इलाहाबाद बैंक चौराहा, क्लब मार्केट, जिला परिषद ओर विशेष रूप से बजरिया क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानों को बंद कर देश के प्रति दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी अपनी सांत्वना दी। इस सफल बाजार बंदी के आयोजन में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन, सराफा बाजार एसोशिएशन, औषधि विक्रेता परिषद के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने अपनी अपनी सहभागिता की अंत में घंटाघर चौराहा पर एकत्रित होकर सभी व्यापारियों ओर पदाधिकारियों ने पहलगाम कश्मीर में दिवंगत हुऐ आत्माओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रेषित की तथा शहीद भगत सिंह चौराहे पर एकत्रित होकर आतंकवाद का पुतला फूंका। इस अवसर पर व्यापारी नेता संतोष गुप्ता, दिलीप सेठ, तरुण तिवारी, अरुण गुप्ता, लक्ष्मण दास भवानी, अरुण त्रिपाठी, सुनील शिवहरे, आनंद परिहार, भारत करेले, हरिओम बाजपेई, मनोज माहेश्वरी, संजय गुप्ता, अनिल यादव, श्याम किशोर, संजीव सिपोलिया, रोहित अग्रवाल, मोंटू मिश्रा, कंचन शिवहरे, विजय बाजपेई, गोपाल मिश्रा, बबलू दुबे, अंकित त्रिपाठी, मनोज पोरवाल, धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ, उत्कर्ष गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, प्रभात तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, गोपाल सोनी, धर्मेंद्र शर्मा एवं अन्य व्यापारी गण उपस्थित रहें।

# न्यायालय में विवादित भूमि का मुकदमा विचाराधीन, भू माफियाओं द्वारा विक्रय की गई जमीन



**उरई।** जनपद में भू माफियाओं के कारनामों की फेरहिस्त लंबी होती चली जा रही है एक ताजा मामला उरई तहसील के ग्राम मिनौरा कालपी का है। जिसमें विक्रेता ने भूमि की बिक्री तो जायज की थी परंतु विक्री के उपरांत जो भुगतान क्रेताओं द्वारा किया गया उसमें बड़ा झोल कर दिया गया। इसके बाद विक्रेता में तीनों क्रेताओं पर सिविल न्यायालय जूनियर डिविजन के यहां बैनामा निरस्तीकरण का मुकदमा पंजीकृत करा दिया। इस बीच जिन क्रेताओं के ऊपर मुकदमा न्यायालय में पंजीकृत हुआ था उन्होंने न्यायालय का तथ्य छिपाते हुए झांसी की एक बड़ी फर्म को उक्त विवादित भूमि का बैनामा उसके हक में कर दिया जिस पर झांसी की फर्म जबरन कब्जा करने के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जब इसकी भनक प्रथम विक्रेता जगत विक्रम सिंह पुत्र गोविंद दास निवासी रामनगर रोड चिरगांव ने पुलिस अधीक्षक को 22 मार्च 2025 की तो कर्रवाई में विलंब दिखा इसके बाद जगत विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर यह शिकायत दर्ज कराई कि अवर अभियंता संतोष कुमार अग्रवाल पुत्र सतीश चंद्र अग्रवाल निवासी मोहल्ला रामनगर गरौठा, प्रमोद कुमार पुत्र कैलाश नारायण निवासी गांधी नगर उरई व इनके दो साथियों द्वारा जो भूमि विक्री की गई थी उसका भुगतान जो चेक से दिया था वह प्राप्त नहीं हुआ साथ पांच लाख की धनराशि इसी बैनामे में उधार की गई थी उसका भी भुगतान उक्त क्रेताओं द्वारा नहीं किया गया। जगत विक्रम सिंह ने न्यायालय में बाद संख्या 100/2020 में यह कहा है कि उक्त क्रेताओं द्वारा पंद्रह लाख रुपए शेष है वहीं दूसरी और जब यह बात क्रेताओं को मालूम हुई कि मुकदमा न्यायालय में पंजीकृत हो गया है तो उन्होंने आराजी संख्या 206 खसरा संख्या 402 रकवा 1.012 संपूर्ण को क्रय करने के लिए ग्राहकों से संपर्क करना शुरू कर दिया तभी झांसी की एक बड़ी कंपनी के मालिक संजय खन्ना से उक्त संतोष अग्रवाल आदि का मिलन होता है जो उक्त विवादित भूमि की बिक्री की डील की जाती है जब दोनों पक्ष तैयार हो गए तो संतोष अग्रवाल आदि ने उक्त विवादित भूमि की बिक्री संजय खन्ना को कर दी जबकि क्रेताओं द्वारा विक्रेता संजय खन्ना से यह तथ्य छिपाया गया कि आराजी संख्या 206 खसरा संख्या 402 का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है और न ही इतनी बड़ी भूमि का सौदा करते समय संजय खन्ना ने यह चेष्टा नहीं की कि यह खोजबीन की जाय कि क्रय की जा रही भूमि में कोई विवाद तो नहीं है। जब इस संबंध में जगत विक्रम सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि अवर अभियंता संतोष अग्रवाल के खिलाफ शासन में एक और शिकायत कराई गई है जिसमें जमीन की खरीद व विक्री की अनुमति विधिवत ली गई है या नहीं यह अभियंता करोड़ों की जमीन खरीद फरोख्त करता है ये धनराशि कहां से आती है बमुश्किल 70 हजार की तनख्वाह पाने वाला अभियंता भू माफियागिरी कर करोड़ों की जमीन की खरीद व विक्री कर रहा है और इसके साथ जो भी साझेदार है उनकी भी आर्थिक अपराध अनुसंधान लखनऊ को शिकायती पत्र भेजा जा रहा जिसमें इन सभी की संपत्ति की जांच कराने का प्रार्थना पत्र दिया जाएगा उन्होंने कहा कि यह लड़ाई कानूनी तो लड़ी ही जाएगी साथ ही गलत तरीके से कमाई गई संपति की जांच भी बहुत ही गहनता से कराई जाएगी।

## बबीना में आतंकवाद के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन

### 26 हिंदू श्रद्धालुओं को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**बबीना।** कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा हिंदू तीर्थयात्रियों की निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को बबीना चौराहे पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं संपूर्ण हिंदू समाज के तत्वावधान में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद का पुतला दहन कर कड़ी निंदा व्यक्त की तथा शहीद हुए 26 हिंदू श्रद्धालुओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

आक्रोशित जनसमूह ने आतंकवाद मुर्दाबाद卐 और हिंदू एकता जिंदाबाद जैसे नारों के माध्यम से अपना आक्रोश प्रकट किया। वक्ताओं ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी भर्त्सना करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की माँग की। यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल बबीना इकाई की समस्त कार्यकारिणी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय हिंदू समाज के बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने कहा कि अब हिंदू समाज आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार है। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर बजरंग दल संयोजक, विहिप पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ और बच्चे भी उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, लेकिन उपस्थित लोगों के चेहरों पर आक्रोश और शोक स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

## थाना परिसर में माधान दिवस का आयोजित



**बबीना।** बबीना थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष अजमेर सिंह भदौरिया ने की। समाधान दिवस के दौरान राजस्व से संबंधित कुल पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। थाना अध्यक्ष ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज प्रदीप शर्मा, उप निरीक्षक अतुल पांडे, अंजली विश्वकर्मा, लेखपाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने लहराया परचम



**उरई।** हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम की घोषणा माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा की गई। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झांसी रोड के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि हाई स्कूल में 196 एवं इंटरमीडिएट में 190 छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में सहभागिता की। हाई स्कूल में आस्था सिंह और अंजलि राठौर ने संयुक्त रूप से 94.5त्न अंक के साथ विद्यालय में टॉप किया द्वितीय स्थान पर पीयूष 94त्न एवं तृतीय स्थान पर नमामि द्विवेदी 93.83त्न चतुर्थ स्थान पर साक्षी साहू 93.01त्न एवं पांचवें स्थान पर श्रद्धा 93त्न रहा। वही इंटरमीडिएट में महक राजपूत ने 83.2त्न अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया दूसरे स्थान पर कार्तिक के तिवारी ने 82.4त्न एवं तृतीय स्थान पर श्रेया शर्मा 82.2त्न एवं चतुर्थ स्थान पर सिद्धांत चतुर्वेदी 82त्न व उत्कृस्टता सिंह 80.14त्न ,पांचवें स्थान पर रही विद्यालय के अध्यक्ष अरविंद गौतम एडवोकेट एवं प्रबंधक शरद शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार बाजपेई ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कामता प्रसाद त्रिपाठी, यजुवेन्द्र शर्मा शर्मा, मनीष द्विवेदी, प्रकाश गुप्ता, संदीप शर्मा, जगत नारायण, गोविंद श्याम, शरद श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, शिवकुमार दीक्षित, ओम प्रकाश उदैनिया, अशोक द्विवेदी, अनिकेत गौतम आदि उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र का मान नष्ट करके गिर्राज पूजा कराई थी



### जीआईसी ग्राउंड में चल रही है सात दिवसीय भगवत कथा

**उरई।** सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में पांचवें दिन गोवर्धन पर्वत पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास देवी माहेश्वरी श्रीजी ने कहा कि गांव जलमग्न होने लगे तब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उंगली पर उठा लिया।

उरई शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में कथा ब्यास देवी माहेश्वरी श्रीजी ने पांचवें दिन कथा का रसपान कराते हुए बताया कि भगवान इन्द्र जब प्रकोप में थे तब उन्होंने वर्षा करके कहर बरपाया। चारों ओर हाहाकार मच गई। गांव जलमग्न होने लगे तब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत अफनी उंगली पर उठा लिया। इससे गांव के सभी लोग गोवर्धन पर्वत के नीचे आ गए और वहां शरण ली। भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र का मान नष्ट करके गिर्राज पूजा कराई थी। तब सभी बृजवासियों ने गोवर्धन पहुंचकर गोवर्धन पर्वत का पूजन किया और 56 भोग लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी वृदांवन में बांके बिहारी को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है। पूरे सात दिन भगवान श्रीकृष्ण ने भूखे प्यासे गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा था। श्रोताओं को कहा कि मन से नमन और मन से मनन करेंगे तो जिंदगी की सारी समस्याओं का हनन अपने आप हो जाएगा।अंत में कथा परीक्षित बने करन सिंह राजपूत व उनकी पत्नी तारा राजपूत ने आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। रमेश उपाध्याय,आशीष मिश्रा,दिलीप दुबे, अजित राजपूत,गौरव राठौर, आकाश गहोई, ओमप्रकाश श्रीवास्तव,देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## ड्यूटी जा रहे बेटे सहित होमगार्ड जवान की बोलेरो से कुचलकर मौत

**उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलोरो ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में होमगार्ड जवान व उसके पुत्र की दबकर मौत हो गई।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम बारा निवासी होमगार्ड बीरेन्द्र कुमार 55 वर्ष कदौरा थाने में तैनात था। जो

शुक्रवार रात को अपने पुत्र अविनाश उर्फ अवि 22 वर्ष के साथ थाने में ड्यूटी करने आ रहे थे। जैसे ही उनकी गा?ी कठपुरवा मोड़ पर पहुंची। तभी कदौरा की तरफ से आ रही ते? र?तार कार ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पिता पुत्र उछलकर स?क पर गिर गए। जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बल्कि टक्कर मारने वाली कार अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई और उसमें सवार लोग मौके से फरार हो गए। होमगार्ड के ब? पुत्र विजय राम ने बताया कि जब थाने से फोन आया कि पापा थाने नहीं पहुंचे है। तब उसके मन में अनहोनी की आशंका हुई और वह अपने एक साथी के साथ घर से पिता को ढूंढने के लिए निकल गया। जब वह घटना स्थल पर पंहुचा, तो पिता पुत्र दोनों प? हुए थे फिर उसने थाने फोन कर जानकारी दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक जांच प?ताल करते हुए पिता पुत्र को सीएचसी पहुंचाया गया।

## नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित करें भ्रमण: के नायक

### प्रमुख सचिव दुग्ध विकास ने ग्रीष्म ऋतु को लेकर की समीक्षा बैठक




**उरई।** प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग, के रविंद्र नायक ने डीएम राजेश कुमार पाण्डेय के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने जनपद में संचालित गौशालाओं, पशुपालन एवं मत्स्य पालन योजनाओं की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गौ आश्रय स्थलों पर भूसा, हरा चारा, पानी, चोकर, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कहा कि गौशालाओं की देखभाल मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है, अत: इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों, नोडल अधिकारियों और केयर टेंकरों को नियमित निरीक्षण करने और गौवंशों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित भ्रमण करें और अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी गौशालाओं में नियमित रूप से जाकर गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करने और छोटे बछड़ों के लिए अलग से शेड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, गोवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सहयोगिता योजना के तहत कुपोषित बच्चों के परिजनों को गाय वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, खण्ड विकास अधिकारियों को समय पर निदेशालय को डिमांड भेजने के निर्देश दिए गए। मोबाइल वेटरनरी यूनिट की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए रविंद्र नायक ने निर्देशित किया कि चिकित्सकों की अनुपस्थिति की पूर्व सूचना सुनिश्चित की जाए, ताकि पशु चिकित्सा सेवाओं में कोई बाधा न आए। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि नदियों में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन के बाद ही मत्स्य आँखेट की प्रक्रिया शुरू की जाए, तथा तालाब पट्टों का कार्य तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी के समन्वय से कराया जाए। बैठक में मुख्य सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी समेत अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

संपादकीय

## जनता का आक्रोश मुखर, सरकार के लिए खतरे की घंटी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 से ज्यादा पर्यटकों की हत्या कर दी। कई गंभीर रुप से घायल पर्यटकों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जिन पर्यटकों का निधन हुआ था उनके शव देश भर के विभिन्न राज्यों में भेजे गए हैं। जहां पर उनका अंतिम संस्कार हो रहा है। घटना के दो से तीन दिन बाद तक मारे गए पर्यटकों का अंतिम संस्कार विभिन्न स्थानों पर हो रहे थे। इस बीच केंद्र सरकार, राज्य सरकार के मंत्री और भाजपा के नेता अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पहुंचे वहां पर जनता का आक्रोश खुलकर देखने को मिला। गुजरात के शैलेश कलथिया की अंत्येष्टि में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एस आर पाटिल पहुंचे थे। वहां पर उन्हें मृतक की पत्नी के गुस्से का सामना करना पड़ा। जिस तरह का आक्रोश उसने दिखाया है, उसको देखते हुए केंद्रीय मंत्री अवाक होकर रह गए। स्थानीय लोगों का गुस्सा इस बात पर भी भड़क गया, कि फोटो खिंचवाने के लिए केंद्रीय मंत्री पहुंच रहे थे, जिसके कारण 15 मिनट तक अर्थी को सड़क पर रखना पड़ा। राजस्थान और हरियाणा में भी जब मुख्यमंत्री मृतकों को श्रद्धांजलि देने अंत्येष्टि में पहुंचे तो वहां पर भी उन्हें काफी आक्रोश का सामना करना पड़ा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी जी को लोगों के क्रोध का सामना करना पड़ा है। पहलगाम की घटना में विभिन्न राज्यों के पर्यटकों की मौत हुई है। लगभग सभी स्थानों में जनता की ओर से गुस्से में कहा जा रहा कि यह सरकार का फेलियर है। लाखों जवान जम्मू कश्मीर में तैनात है, उसके बाद भी पर्यटक सुरक्षित नहीं हैं। जिस स्थान पर घटना हुई है वहां एक भी सुरक्षा कर्मी और पुलिसकर्मी उपस्थित नहीं थे। गुजरात की शीतल बैन ने यहां तक कह दिया- जनता के टैक्स के पैसे से नेता हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर पर चलते हैं। उनकी सिक्योरिटी में गाड़ियों के काफिले चलते हैं। टैक्स देने वालों की क्या कोई जिंदगी नहीं है। पिछले कई वर्षों से हिंदू-मुसलमान को लेकर भारत में जो शंखनाद हो रहा है। वह चरम पर पहुंचकर अब उसकी गूंज धीरे-धीरे धीमी पड़ती जा रही है। इस बात को भाजपा और संघ को समझना होगा। जहां डबल इंजन की सरकार है उन्हें भी समझना होगा युद्ध के ढोल नगाड़े और शंखनाद कुछ समय के लिए ही प्रभावी साबित होते हैं। यह लोगों में आक्रोश पैदा करते हैं लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, उसके बाद इनका कोई महत्व नहीं रह जाता है। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद तथा पहलगाम की जो घटना अभी हाल ही में हुई है, उससे भारतीय जनता पार्टी और डबल इंजन की सरकारों को सबक लेने की जरूरत है। हिंदू-मुसलमान के नाम पर गोदी मीडिया ने एक नैरेटिव चलाने का प्रयास किया था लेकिन देशभर में उसका कोई असर देखने को नहीं मिला। जम्मू-कश्मीर में पहुंच बंद रखा गया। वहां के लोग आतंकवादी घटना के खिलाफ सड़कों पर आ गए। यही स्थिति देश के विभिन्न राज्यों में देखने को मिली। सभी राजनीतिक दलों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए घटना को सांप्रदायिक रंग में रंगने नहीं दिया है। देश की जनता ने भी अपनी-अपनी जगह पर घटना का विरोध करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया है। गोदी मीडिया के खिलाफ भी अब लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों की यह धारणा बनने लगी है कि गोदी मीडिया तथ्यों को छुपाता है। हिंदू-मुसलमान के बीच अलगाव पैदा करने के लिए संयोजित रूप से नैरेटिव बनाता है। पहलगाम में हुई घटना की जिस तरह से नेशनल मीडिया ने कवरेज की है। उस पर भी जनता ने अपना आक्रोश खुलकर व्यक्त किया है। कुछ महीनों बाद बिहार के चुनाव हैं। जब भी कहीं चुनाव होते हैं उसके पहले इस तरीके की घटनाएं पिछले कई बार देखने को मिली हैं, उसके कारण अब जनता इन पर भरोसा और विश्वास नहीं कर पा रही है। जनता को भी लगने लगा है कि इस तरह की घटनाएं चुनावी रणनीति के तहत जानबूझकर कराई जाती हैं। पहलगाम में हुई घटना के बाद जिस तरह से मुसलमानों ने बढ़-चढ़कर इस घटना का विरोध किया उसने आसमाजिक और सांप्रदायिक तत्वों को स्तब्ध कर दिया है। जो सवाल विभिन्न राजनीतिक दल के नेता सरकार से करते थे अब उसी तरह के सवाल-जवाब जनता की ओर से होने लगे हैं। जनता का आक्रोश भी अब समय-समय पर देखने को मिलने लगा है। वर्तमान परिस्थितियों में सरकार को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी जिस तरह से देश में बेरोजगारी महंगाई और अन्य समस्याएं हैं। लोगों का दैनिक जीवन मुश्किल भरा हो गया है। ऐसी स्थिति में अब सांप्रदायिकता का मलहम ज्यादा दिनों तक काम नहीं आएगा। समाज के सभी वर्गों का आक्रोश अब सामने दिखने लगा है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जो हालात 1975 में महंगाई, बेरोजगारी के कारण बने थे, उसने सारे देश में युवाओं और सभी वर्गों को उद्वेलित कर दिया। 1975 में देश भर में आंदोलन हुए जिसके कारण आंतरिक कानून व्यवस्था खराब स्थिति में पहुंच गई थी जो बाद में आपातकाल का कारण बनी। लगभग वही स्थितियां अब दिखने लगी हैं। विशेष रूप से युवाओं में सरकार के प्रति नाराजी देखने को मिल रही है। समय रहते इस पर नियंत्रण की जरूरत है।

- सनत जैन

राज काज

### चिराग पासवान आक्रामक मुद्रा में मुख्यमंत्री बनकर रहेंगे

चिराग पासवान आक्रामक मुद्रा में मुख्यमंत्री बन कर रहेंगे बिहार की राजनीति मौसम की तरह बदल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री पद पर समय पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हनुमान चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा जता दिया है। बिहार बीजेपी में भी मुख्यमंत्री का सपना देखने वाले कई नेता हैं। जद नेता ललन सिंह भी तैयारी कर रहे हैं। भाजपा के सम्राट चौधरी भी मुख्यमंत्री पद पर दावा जता रहे हैं। भाजपा के आधा दर्जन नेता इस दौड़ में शामिल हैं। इंडिया गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद की दौड़ में तेजस्वी के नाम पर सहमति दिख रही है। बिहार में इस बार युवा मुख्यमंत्री बनेगा। इसकी बिसात बिछा दी गई है। प्रशांत किशोर ने चिराग पासवान को आईने में उतार लिया है। बिहार में जिस तरह से चुनाव के पहले एनडीए गठबंधन में जूत-पैजार हो रही है। उसको देखते हुए लगता है, इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव परिणाम आश्चर्यचकित करने वाले होंगे।

### पहले अंडा या पहले मुर्गी, संविधान बड़ा या संसद ?

इन दिनों संविधान बड़ा है,या संसद बड़ी है। इसको लेकर देश में सरकार ने कोहराम मचा रखा है।संविधान नहीं होता तो संसद भी नहीं होती। संविधान नहीं होता तो राष्ट्रपति भी नहीं होता। संविधान से विधायिका है। संविधान से कार्यपालिका है। संविधान से ही न्यायपालिका है। संविधान ने न्याय पालिका को सबसे ऊपर रखा है। कर्ता के रूप में विधायिका और कार्यपालिका है। यदि यह अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन नहीं करें, तो इनके ऊपर न्यायपालिका का अंकुश है। अंकुश नहीं होगा तो विधायिका और कार्यपालिका दोनों ही बेलगाम हो जाएंगे। संविधान ने इन दोनों पर लगाम लगाकर उनके सीधे चलने की जिम्मेदारी न्यायपालिका को विशेष अधिकारों के साथ दी है। न्याय पालिका बेलगाम हो,तो संविधान ने उसका भी इंतजाम किया है।इसे तथ्य को सभी को समझना होगा। हाथी के ऊपर बैठा महावत हाथी नहीं हो सकता है। महावत अंकुश से हाथी को जरुर नियंत्रित कर सकता है। संविधान ने न्यायपालिका को महावत के रूप में रखा है।

### मोदी और वेंस के बीच की गुफ्तगू, चीन को पसंद नहीं

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत की यात्रा पर थे। उनके साथ उनका परिवार भी था। भारतीय मूल की पत्नी के साथ वह अपनी ससुराल आए थे।वेंस के ससुराल प्रेम से चीन सावधान हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी और वेंस के बीच व्यापार को लेकर चर्चा हुई।अमेरिका भारत से अपना व्यापार बढ़ाना चाहता है।चीन अपना व्यापार भारत के साथ किसी भी कीमत पर कम करने के लिए तैयार नहीं है। वह भी उस स्थिति में जब अमेरिका सौत बनकर चीन को परेशान कर रहा है। चीन ने तुरंत भारत को धमकी दे दी। यदि चीन के हितों में विपरीत असर पड़ा तो इसका खामियाजा भारत को भुगतना पड़ेगा।

# मनुष्य के मौलिक सृजन को संरक्षित करना बड़ी चुनौती



ललित गर्ग

रचनात्मकता, सृजनात्मकता और संरचनात्मकता मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है, मानव की इन मौलिक विशेषताओं एवं उपलब्धियों को उचित सम्मान मिले, उचित प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक मिले, ऐसे नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा (आईपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में आईपी की भूमिका को उजागर करना है। कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में मानव की स्वतः स्फूर्त बौद्धिकता का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन ज्यादा जरूरी है। 2025 की थीम 'आईपी और संगीतः आईपी की धड़कन महसूस करें' है। यह संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा (आईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, इस थीम का उद्देश्य आईपी के माध्यम से संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करना और उन्हें उनके काम के लिए उचित मान्यता दिलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि। ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का



विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस पर विशेष

कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक, हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जैसे-जैसे एआई अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, इसका बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर चुनौतीपूर्ण गहरा प्रभाव पड़ रहा है। चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है।

इसी के साथ बौद्धिक सम्पदा के सम्मुख सोशल मीडिया भी एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई दूसरों की रचनात्मकता एवं मौलिक सृजन को अपना बता कर पेश कर रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी बौद्धिक संपदा के लिए जागरूक होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अलग और रचनात्मक एवं मौलिक काम करने की क्षमता होती है। हम अपनी बौद्धिक संपदा को पांच तरीके से संरक्षित कर सकते हैं। इसमें पहला है कॉपीराइट, दूसरा पेटेंट, तीसरा ट्रेडमार्क, चौथा है औद्योगिक डिजाइन और पांचवा है भौगोलिक संकेतक। अगर आप कुछ लिखते हैं, जो आपका मौलिक लेखन है तो आप कॉपीराइट करा सकते हैं। इसके बाद व्यापार के क्षेत्र में होता है ट्रेडमार्क, जो आपका सिंबल होता है, जो किसी संस्था, कंपनी की पहचान के लिए होता है, उसे अगर ट्रेडमार्क करवा सकते हैं तो कोई दूसरा उस सिंबल का उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर आपने कोई आविष्कार किया है तो उसे पेटेंट करा कर सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद आता है औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक।

# पहलगाम की घटना में साजिश की खतरनाक बू



डॉ.भरत मिश्र प्राची

पहलगाम की घटित घिनौनी घटना जहां पहली बार जाति धर्म की आड़ में पर्यटन के लिए गये निर्दोषों पर आक्रमण हुआ जिसमें चली गोली से कई की घटना स्थल पर हीं मृत्यु हो गई, कई गंभीर हालत में घायल हो गये जिन्हें अस्पताल तत्काल पहुंचाया गया है। इस घटना को लेकर पूरा देश चिंतित है,आक्रोशित है। पक्ष विपक्ष आज की स्थिति में एक मंच पर खड़ा है, उचित कार्रवाई के लिए सरकार के साथ है। इस तरह के हालात देशहित में है। केंद्र सरकार भी इस तरह की घटना को लेकर गंभीर एवं सजग है। आतंकवाद को बढ़ावा देने एवं आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले पड़ोसी राष्ट्र पाक से सभी राजनैयिक, सामाजिक संबंध पर तत्काल रोक लगाकर भारत सरकार द्वारा उसे चेतावनी फिलहाल दे दी गई है। पाक में फिलहाल हलचल है। भारत पाक के आपसी संबंध इस घटना को लेकर काफी बिगड़ चुके है।देश में आतंकवाद की घटनाएं लगातार कई वर्षो से घटित हो रही है। आतंकवाद मचाने वाले आतंकवादियों की न तो कोई जाति होती है, न कोई धर्म पर पहलगाम की आतंकवादी कार्रवाई में पहली बार ऐसी घटनाक्रम ने जन्म लिया जहां जाति धर्म पूछ पूछ कर निर्दोष पर अंधाधुंध गोली चलाई गई। जहां एक नई खतरनाक साजिश की बू आ रही है।

जिसकी लपेट में भारत पाक संबंध में तनाव आने के साथ-साथ देश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की संभावनाएं ज्यादा प्रबल नजर आ रही है। देश में इन दिनों हिन्दुत्व को लेकर एक नया माहौल भी उभरता नजर आ रहा है जहां देश के संत समाज तेजी से भारत को हिन्दुत्व राष्ट्र बनाये जाने की मांग करने लगा है। कुछ प्रवचक अपने धार्मिक प्रवचन, सत्संग में इस मुद्दे पर ज्यादा हीं जोर देने लगे है। ऐसे माहौल को राजनीतिक हवा भी मिलने लगी है। जो भारत के साम्प्रदायिक सद्भाव पर चोट कर सकते है। संत समाज को प्रवचन से राजनीतिक प्रसंग को दूर रखना देशहित में ज्यादा बेहतर हो सकता है। जिस देश की संस्कृति में सद्भाव की गंगा बहती हो जिसके संविधान में सभी धर्मो का सम्मान समाहित हो, जिसके राष्ट्र गीत में सभी के प्रति समादर समाहित हो वहां हिन्दुत्व राष्ट्र की बात करना कितना उचित होगा, विचारणीय है। कहीं इस तरह के उभरे हालात की आड़ में पहलगाम की घटना को अंजाम दिया गया हो, जिसके पीछे साजिशकर्ताओं की भारत की एकता को तोड़ने की खतरनाक साजिश समाहित हो। पहलगाम की घटित घटना पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की जरूरत है। कहीं जल्दबाजी में लिया गया निर्णय साजिशकर्ताओं की सोच को सकरात्मक रुप न दें, इस पहलू पर पैनी नजर से विचार विमर्श कर उचित निर्णय लिए जाने की जरूरत है जो देश की एकता, आपसी सामंजस्य, सद्भाव बनाए रखने में मददगार साबित होकर साजिशकर्ता की साजिश को नेस्तनाबूद कर दे।

सुविचार

आशा कभी आपको छोड़कर नहीं जाती है, आप इसे छोड़ते है।

- जॉर्ज वीनवर्ग

मनुष्य अपने जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म से महान बनता है।

- चाणक्य

प्रसंग

## त्याग का तप

जब मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गए, तो विभीषण की राय पर हनुमान सुषेन वैद्य को ले आए। वैद्य जी ने हिमालय से संजीवनी बूटी लाने की सलाह दी, पर यह शर्त भी रखी कि अगर सूर्योदय से पहले लक्ष्मण को संजीवनी नहीं पिलाई गई तो वह जिंदा नहीं बचेंगे। यह काम हनुमान को सौंपा गया। जब हनुमान पूरे धवल गिरि को उठाए अयोध्या से गुजर रहे थे, तो उन पर भरत की दृष्टि पड़ गई। भरत ने सोचा कि राम की अनुपस्थिति में कोई राक्षस अनिष्ट करने की मंशा से राज्य के ऊपर मंडरा रहा है। उन्होंने धनुष-बाण उठाया और हनुमान पर निशाना साध दिया। बाण लगते ही हनुमान धरती पर आ गिरे और कुछ क्षणों के लिए अचेत हो गए। भरत को बहुत ग्लानि हुई। कुशल क्षेम पूछने के बाद भरत ने कहा, आपको सूर्योदय से पहले लंका पहुंचना है और दूरी बहुत ज्यादा है। मेरे बाण पर बैठ जाइए, इससे आप तुरंत ही राम के पास पहुंच जाएंगे। हनुमान ने कहा, राम का नाम लेने में जितनी देर लगती है, उतने ही समय में मैं लंका पहुंच जाऊंगा। इस बीच सभी रानियां भी आ गईं। दुखद समाचार सुनने के बाद कौशल्या ने राम के लिए संदेश दिया कि चाहे जो हो जाए, अगर लक्ष्मण जीवित न बचा तो तुम भी कभी अयोध्या मत आना। इसके बाद कैकेयी ने। कहा, 'राम! वन में भटकते-भटकते बहुत दिन बीत गए हैं। अब तुम अयोध्या लौट आओ, अब मैं भरत को तुम्हारी जगह युद्ध के लिए भेज रही हूं। सुमित्रा से रहा नहीं गया। वह बोलीं, लक्ष्मण के प्राण नहीं बचे तो कोई बात नहीं। तुम चिंता मत करना। उसका एक भाई शत्रुघ्न है, जल्दी से स्थिति के बारे में बताओ ताकि मैं तुम्हारी सेवा में उसे भेज सकूं।

जरा हटके

### ब्रिटेन के ऑक्सफोर्डशायर में शोधकर्ताओं ने खोजा, डायनासोर हाईवे

लंदन (ईएमएस)।

ब्रिटेन के ऑक्सफोर्डशायर में डायनासोर के पैरों के निशान खोजे गए हैं, जो करीब 166 करोड़ साल पुराने हैं। यह निशान सैकड़ों डायनासोर के फुट प्रिंट हैं, जो एक समय में क्षेत्र से गुजरते थे। वैज्ञानिकों के अनुसार,ये फुट प्रिंट खदानों के भीतर दबे हुए थे और इन्हें अब डायनासोर हाईवे के नाम से जाना जा रहा है। शोधकर्ता ने बताया कि चार ट्रैक शाकाहारी डायनासोरों के हैं और एक ट्रैक मांसाहारी डायनासोर मेगालोसौरस का है।

दरअसल ऑक्सफोर्ड और बर्मिंघम यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की एक टीम ने इंग्लैंड के क्वॉरी स्थित खदानों में खुदाई की। टीम ने डायनासोर के करीब 200 फुट प्रिंट खोजे और इन्हें रिकॉर्ड किया। सबसे लंबा ट्रैक करीब 150 मीटर लंबा है, जो शाकाहारी सॉरोपॉड डायनासोर के पैरों के निशान हैं।

एक और ट्रैक में मांसाहारी डायनासोर के तीन पंजों के निशान हैं। ये फुट प्रिंट 166 करोड़ साल पुराने हैं। अब सवाल ये उठ रहा हैं कि क्या डायनासोर एक-दूसरे से मिलते थे? एक दिलचस्प तथ्य यह है कि इन मांसाहारी



और शाकाहारी डायनासोर्स के ट्रैक एक-दूसरे को क्रॉस करते हुए दिखाई देते हैं। इससे यह सवाल उठता है कि क्या ये डायनासोर एक-दूसरे से मिलते थे, या क्या उनका बर्ताव एक-दूसरे के साथ दोस्ताना था या दुश्मनी थी? इस खोज से वैज्ञानिकों को डायनासोर्स की जीवनशैली, उनके चलने की गति, उनका आकार, और उनके बीच के रिश्ते को समझने का मौका मिलेगा। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक का कहना है कि यह रिसर्च बहुत बारीक है और यह दिखाता है कि डायनासोर के पैरों के मिट्टी में धंसने से मिट्टी का क्या असर पड़ा होगा।

फोटो ऑफ द डे




फ्रांस में चाकूबाजी में एक छात्र की मौत के बाद इलाके को घेरे हुए पुलिसकर्मी। (फोटो-ईएमएस)

व्यंग्य

## नमकहीन नमकीन

सरोजिनी प्रीतम

सूरजमुखी ने देखा कि जब से घर में दावत हुई थी, उसके पति का चैन हराम हो गया था, नींद की गोली खा लेने के बाद भी वे करवट पर करवट बदलते रहे, फिर उठकर चहलकदमी करने लगे। उनका मन डोल रहा था, शरीर चल रहा था। अजीब-सी हरकत हो रही थी। बचा-खुचा सामान भी दावत में हुई गुलछर्रेबाजी की घोषणा कर रहा था। पति की यह हालत देखकर सूरजमुखी ने उनके मस्तिष्क में बसी सौंधी गंध को बाहर निकाल देने के लिए अपने प्रवचन आरंभ किए।

सूरजमुखी ने अपना पीला पल्ला डुलाते हुए पति का कबीर रहीम आदि का दोहा प्रेम जागृत करते हुए, अपना हिंदी ज्ञान बघारना शुरू किया तथा बोली, %% पकौड़ा-कचौड़ी, परांठा का मोह व्यर्थ है। तली चीज़ की ओर आँख उठाकर भी मत देखो प्रिय! इंद्रियाँ भटकती हैं। भटके हुए को राह पर लाना बहुत कठिन है। हे प्रिय आपने तो हमेशा खाने की चीज़ों पर अपना अधिकार समझकर चखने में ही आधे से अधिक खा लेने का अटल निर्णय कायम रखा। कोई भी वस्तु न छोड़ी। बिना तली तुम्हें कोई सब्जी न भाई। गोभी के गुच्छे, आलू के कटावदार छल्ले, पराठे, पकौड़ी की भरमार और हर समय अपच और गैस के शिकार होकर भी, तुमने अपने खाने पर टूट पड़ने की प्रवृत्ति को न रोका। गुलछर्रे उड़ाते रहे। मेरे बार-बार समझाने पर भी तुमने जब खाने-पीने के प्रति ऐसी ही लापरवाही दिखाई जैसी मेरे प्रति दिखाते रहे तो तुम्हारे अपने शरीर ने ही प्रतिक्रिया शुरू कर दी। वही जब बगावत पर उतर आया तो तुम्हारे सारे मनाही के अस्त्र-शस्त्र धराशायी हो गए। धन्य है तुम्हारे शरीर की यह प्रतिक्रिया जो हर अवांछित तत्व के प्रति अपना रोष प्रकट करके भिन्न रोगों का रूप धारण करके, भयभीत करने के, परहेज के नए-से-नए तौर-तरीके अपनाता है। हर लापरवाही को भीषण और घातक रूप दे-देकर खतरे की ऐसी घंटी बजाता है कि फिर वह खतरा भी एक दुधारी तलवार का रूप धारण कर लेता है। अब तुम्हारे इस रक्तचाप की दुधारी तलवार तुम्हारे सिर पर कच्चे धागे से बँधी हमेशा लटकी रहेगी। अतः अब ज़रा-सी भी असावधानी कई रंग दिखा सकती है। हे प्रिय खाना-पीना बहुत ही तुच्छ है, वह त्याज्य है। जो त्याज्य है उसे ग्रहण ही क्यों करो? क्योंकि उसे ग्रहण करते ही तुम्हें ग्रहण लग जाएगा। जब तक मन में ऐसी भावना घर न कर जाए कि यह अवांछनीय है, त्याज्य है... तब तक हमारा मोह बना रहता है।

कबीरदास हों, रहीम जी हों, या अन्य कोई भी महान दोहा, छप्पय, कुंडलियाँ लिखनेवाला, वे सब के सब नदी किनारे बैठे साधना करते थे। सत्तू का भोजन, अंकुरित दालें और बकरी के दूध पर अपना गुज़ारा करके देश को एक स्वस्थ साहित्य प्रदान कर गए। स्वस्थ तन में ही तो स्वस्थ विचारों का वास होता है। सोचो तो आपके मन-मस्तिष्क पर हमेशा हलवाई और होटलों के भोजन हावी रहे। हर उसांस में पराठे और कचौड़ी समाई हुई, हर बात में चटनी और चाट-पकौड़ी समाहित थी अतः तुम्हारे भीतर यह सब चुपचाप अपनी चाप छोड़ते गए और तुम्हारे शरीर के चप्पे-चप्पे में इस चाप के चिह्न यों छूटते गए कि धमनियों का रक्त उन्हीं चिह्नों पर चलने लगा। ऊँचे विचार और ऊँचे रक्तचाप में मूलतः वैभिन्न्य है अतः मन को मार लो, इस मुख को इन सबसे विमुख कर लो।

चिंतन-मनन

## भावना भी समझें

एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है।

दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई। हर आदमी ?से ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

स्वास्थ्य

### गांजे का सेवन गंभीर बीमारी से कर सकता है ग्रस्त, रिसर्च में हुआ खुलासा

नई दिल्ली (ईएमएस)। एक अंतरराष्ट्रीय शोध में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि गांजे (मारिजुआना) का सेवन करने वाले लोगों में अगले पांच वर्षों के भीतर डिमेंशिया (याददाश्त से जुड़ी बीमारी) होने का खतरा 23 प्रतिशत अधिक होता है। इस अध्ययन में 60 लाख से अधिक लोगों के डेटा तैयार किया गया, जिसमें पाया गया कि जिन लोगों को गांजे के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, उसमें डिमेंशिया का जोखिम सामान्य लोगों की तुलना में कहीं अधिक था। मनोविश्लेषक के अनुसार, डिमेंशिया कोई एक बीमारी नहीं, बल्कि ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति की याददाश्त, सोचने और निर्णय लेने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। यह स्थिति सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन दोनों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में गांजे की पोटेंसी (नशे की तीव्रता) काफी बढ़ गई है। गांजे में मौजूद रसायन टीएचसी की मात्रा अब पहले की तुलना में कहीं ज्यादा हो गई है, जो शरीर और दिमाग दोनों को नुकसान पहुंचा सकती है। इसके कारण दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट, स्ट्रोक, मांसपेशियों की सूजन जैसी गंभीर समस्याएं देखी गई हैं। रिसर्च के अनुसार, 45 से 64 वर्ष की उम्र वाले लोगों में गांजे के कारण अस्पताल जाने के मामले 5 गुना बढ़े हैं, जबकि 65 वर्ष से अधिक उम्र वालों में यह संख्या 27 गुना तक पहुंच गई है।

# यूएनएससी ने की पहलगाम हमले की निंदा, कहा- दुनिया के लिए खतरनाक है आतंकवाद

**जिनेवा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में की गई है। यूएनएससी ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक करार दिया। यूएनएससी ने बयान जारी कर पहलगाम हमले की निंदा की, जिसमें कहा गया, सुरक्षा परिषद के सदस्य 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की सबसे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई घायल हुए। हमले में एक नेपाली नागरिक भी मारा गया था। बयान में भारत और नेपाल सरकारों, जिनके नागरिक इस हमले में मारे गए, के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस 'घृणित आतंकवादी कृत्य' के अपराधियों, आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यूएनएससी अध्यक्ष की ओर से सभी 15 सदस्यों की ओर से मीडिया को बयान दिया गया। पाकिस्तान वर्तमान में यूएनएससी में एक अस्थायी सदस्य के रूप में बैठता है। यूएनएससी सदस्यों ने पीड़ितों के परिवारों और भारत और नेपाल की सरकारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने इस 'घृणित आतंकवादी कृत्य' के अपराधियों, आयोजकों, फंडिंग करने वालों और स्पॉन्सर्स को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।यूएनएससी ने जोर देकर कहा कि हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उसने सभी देशों से अपील की कि वे इस मामले में सहयोग करें। हर देश को अंतरराष्ट्रीय कानून और यूएनएससी के प्रस्तावों के अनुसार काम करना चाहिए। सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से मिलकर कार्रवाई की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने साफ कहा है कि आतंकवाद किसी भी रूप में, कहीं भी, और किसी की ओर से भी किया जाए, वह अपराध है और किसी भी हाल में उचित नहीं ठहराया जा सकता। परिषद ने दोहराया कि इसकी कोई भी वजह या प्रेरणा इसे जायज नहीं बना सकती।



इक्वेडोर में आये भूकंप के बाद अपने ध्वस्त घर के सामने खड़ा एक परिवार।

# पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने दुनियाभर से पहुंचे प्रतिनिधि

## राष्ट्रपति मुर्मू ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**वेटिकन सिटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी के सेंट पीटर बेसिलिका में दिवंगत पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू, अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा के साथ, पोप के राजकीय अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए वेटिकन पहुंची हैं। पोप फ्रांसिस को अंतिम विदाई देने दुनियाभर से राष्ट्राध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि पहुंचे हैं।

यहां राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, वेटिकन सिटी में सेंट पीटर बेसिलिका में परम पावन पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि



अर्पित की। उनकी महान सेवा और आध्यात्मिक नेतृत्व को हमेशा याद किया जाएगा।

पोप फ्रांसिस, जिनका 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था, के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए कम से कम 130 विदेशी प्रतिनिधिमंडल पहुंचे हैं। इनमें 50 राष्ट्राध्यक्ष और 10 राजघरानों के सदस्य शामिल हैं। पोप को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख वैश्विक हस्तियों में अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के प्रिंस विलियम, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, स्पेन के राजा फेलिप सिक्स्थ और रानी लेटिजिया, तथा ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा जैसे नाम शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पोप फ्रांसिस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एक्स पर अपनी श्रद्धांजलि में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, परम पूज्य पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुखी हूं। वह करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक थे। उनका जीवन गरीबों और वंचितों की सेवा के लिए समर्पित था। भारत के प्रति उनका विशेष स्नेह हम हमेशा संजोकर रखेंगे। उनकी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें।

# यौन शोषण की प्रमुख पीड़ितों में से गिफ्रे ने की खुदकुशी

**वाशिंगटन।** वेश्यावृत्ति के आरोपी अमेरिकी अरबपति जेफरी एपस्टीन के यौन शोषण की प्रमुख पीड़ितों में से एक वर्जीनिया गिफ्रे ने 41 साल की उम्र में खुदकुशी की है। उनके परिवार ने बताया कि उनकी मौत ऑस्ट्रेलिया के नीरगैबी में हुई है। गिफ्रे यौन शोषण और तस्करी के खिलाफ एक मजबूत आवाज थीं, खासकर एपस्टीन और उसके समर्थकों के खिलाफ उन्होंने अपनी आवाज उठाई थी।

गिफ्रे ने पुलिस को अहम जानकारी दी, जिसके बाद एपस्टीन की सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल को दोषी ठहराया गया। उनके परिवार ने अपने बयान में कहा, हम बेहद दुखी मन से यह ऐलान करते हैं कि वर्जीनिया का कल रात अपने खेत में निधन हो गया। यौन शोषण और यौन तस्करी का आजीवन शिकार होने के बाद, वर्जीनिया ने आत्महत्या कर ली।

परिवार ने गिफ्रे को यौन दुर्व्यवहार और यौन तस्करी के खिलाफ लड़ाई में एक योद्धा बताकर कहा कि दुर्व्यवहार का बोझ इतना भारी है कि वर्जीनिया सह नहीं सकीं।

किशोरी के रूप में ग्रिफे की मुलाकात मैक्सवेल से हुई। गिफ्रे ने बाद में आरोप लगाया कि एपस्टीन ने उसे प्रिंस एंड्रयू और मॉडलिंग एजेंट जीन-ल्यूक ब्रुनेल सहित शक्तिशाली लोगों के पास तस्करी कर भेजा था।

दुर्व्यवहार कांड में फाइनेंसर एपस्टीन ने 2019 में यौन तस्करी के आरोपों के लिए मुकदमे का इंतजार कर खुदकुशी कर ली। मैक्सवेल को जेल भेज दिया गया, जिसे 2021 में एपस्टीन के लिए कम उम्र की लड़कियों की भर्ती में शामिल होने के लिए दोषी मना गया था।

# ईरान के राजई बंदरगाह पर भीषण धमाके में 406 लोग घायल

**तेहरान।** ईरान के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास स्थित राजई बंदरगाह पर शनिवार को हुए भीषण धमाके और आगजनी की घटना में 406 लोग घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन अधिकारी मेहरदाद हसनजादेह ने बताया कि धमाका काफी भयावह था। उन्होंने कहा राहत एवं बचाव दल मौके पर राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार, घायल व्यक्तियों को होर्मोज़गान प्रांत के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। धमाका बंदरगाह पर रखे कंटेनरों में हुए विस्फोट के कारण हुआ। तेल टैंक और पेट्रोकेमिकल इकाइयों की मौजूदगी के कारण आग के और भी भयावह रूप लेने की आशंका जताई गई है। उक्त घटना के वीडियो फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें काले धुएं का विशाल गुबार आसमान में उठता दिखाई दे रहा है। हादसे के बाद ईरान के सीमा शुल्क प्राधिकरण ने सभी कस्टम कार्यालयों को आदेश दिया है कि बंदरगाह के लिए निर्यात और ट्रांजिट शिपमेंट पर तत्काल रोक लगाई जाए। राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा प्रमुख यकतापरस्त ने कहा कि घायल लोगों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है।

## आज का इतिहास 27 अप्रैल

1526 बाबर ने खुद को दिल्ली का बादशाह घोषित किया.

1705 औरंगजेब ने वागिनगेरा किले पर कब्जा किया.

1748 मुगल शासक मुहम्मद शाह का निधन.

1830 साइमन बोलिवार ने कोलंबिया के राष्ट्रपति का पद छोड़ा.

1878 कलकत्ता विश्वविधालय ने महिलाओं को प्रवेश देने का फैसला किया.

1909 युवा तुर्कों ने तुर्की के सुल्तान अब्दुल हमीद को गद्दी से हटा दिया.

1910 लुई बोथा और जेम्स हर्जोग ने साऊथ अफ्रीकन पार्टी का गठन किया.

1960 दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति सिंगमैन री ने इस्तीफा दिया और टोगो स्वतंत्र गणराज्य बना.

1971 अमेरिकी वैज्ञानिक सैमुअल एफ.बी.मोर्स का जन्म.

1972 एमेरिकी अपोलो-16के अंतरिक्ष यात्री प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतरे.

1974 सोवियत विमान लेनिनग्राद से उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 108 लोग मारे गये.

1994 अमेरिका और छह अरब देशों ने इराक की निंदा की और अंतराष्ट्रीय प्रतिबंध बनाये रखने का समर्थन किया.

1999 उत्तरप्रदेश के बहराइच जिले में असम अवध एक्सप्रेस और बारातियों से भरी एक बस की टक्कर में 43 लोगों की मृत्यु.

## प्रसंगतः मेहनत की कमाई

काशी में एक कर्मकांडी पंडित का आश्रम था, जिसके सामने एक जूते गांठने वाला बैठता था। वह जूतों की मरम्मत करते समय कोई न कोई भजन जरूर गाता था। लेकिन पंडित जी का ध्यान कभी उसके भजन की तरफनहीं गया था। एक बार पंडित जी बीमार पड़ गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। उस समय उन्हें वे भजन सुनाई पड़े। उनका मन रोग की तरफ से हट कर भजनों की तरफचला गया। धीरे-धीरे उन्हें महसूस हुआ कि जूते गांठने वाले के भजन सुनते-सुनते उनका दर्द कम हो रहा है। एक दिन एक शिष्य को भेज कर उन्होंने उसे बुलाया और कहा, 'भाई तुम तो बहुत अच्छा गाते हो। मेरा रोग बड़े-बड़े वैद्यों के इलाज से ठीक नहीं हो रहा था लेकिन तुम्हारे भजन सुन कर मैं ठीक होने लगा हूं।' फिर उन्होंने उसे सौ रुपये देते हुए कहा, 'तुम इसी तरह गाते रहना।' रुपये पाकर जूते गांठने वाला बहुत खुश हुआ। लेकिन पैसा पाने के बाद से उसका मन कामकाज से हटने लगा। वह भजन गाना भूल गया। दिन-रात यही सोचने लगा कि रुपये को कहां संभालकर रखे। काम में लापरवाही के कारण उसके ग्राहक भी उस पर गुस्सा करने लगे। धीरे-धीरे उसकी दुकानदारी चौपट होने लगी। उधर भजन बंद होने से पंडित जी का ध्यान फिर रोग की तरफजाने लगा। उनकी हालत फिर बिगड़ने लगी। एक दिन अचानक जूते गांठने वाला पंडित जी के पास पहुंचकर बोला, 'आप अपना पैसा रख लीजिए।' पंडित जी ने पूछा, 'क्यों, क्या किसी ने कुछ कहा तुमसे?' जूते गांठने वाला बोला, 'कहा तो नहीं, लेकिन इस पैसे को अपने पास रखूंगा तो आप की तरह मैं भी बिस्तर पकड़ लूंगा। इसी रुपये ने मेरा जीना हराम कर दिया। मेरा गाना भी छूट गया। काम में मन नहीं लगता, इसलिए कामकाज ठप हो गया। मैं समझ गया कि अपनी मेहनत की कमाई में जो सुख है, वह पराये धन में नहीं है। आपके धन ने तो परमात्मा से भी नाता तुड़वा दिया।'

## दैनिक पंचांग

**27 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.33 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मिथुन | 08.31 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.44 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.00 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.12 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.23 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.38 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.54 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.59 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.45 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मीन | 03.18 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.49 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 117 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 01.01 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 00.39 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 00.19 बजे रात्र को समाप्त। **करण** चतुष्पद 14.56 बजे तदनन्तर नाग 01.01 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 51' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872327 **जूलियन दिन** 2460792.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 28 **विशेष** वैशाख अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि 30, रविवासरे, अश्वनी नक्षत्रे, प्रीत योगे, गर करणे, मेष की चंद्रमा, अमावस्या 30 भरणीयाम, रवि मूल समाप्त रात्रि 12/36 सर्वार्थ सिद्ध 12/33 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक जिद्दी-हठी, स्वाभीमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्यमी, धनी होगा।




मेष राशिड़किसी शुभ समाचार मिलने से प्रसन्नता, हर्ष होगा, कार्यगति एवं व्यावसाय उत्तम होगा।

वृष राशिड़ मनोवृत्ति संतोषशील रहेगी, कार्यगति में अनुकूलता, चिंता कम होगी, ध्यान रखें।

मिथुन राशिड़ किसी प्रलोभन से हानि, मनोवृत्ति संवेदनशील रहेगी, कार्यगति अनुकूल रहेगी।

कर्क राशिड़ अनायास यात्रा में उद्विघ्नता बनेगी, स्त्री वर्ग से विवाद व परेशानी बनेगी।

सिंह राशिड़ विरोधियों के षणयंत्र से मानसिक परेशानी बनेनी, सतर्कता से कार्य अवश्य निपटायें।

कन्या राशिड़ शरीर कष्ट, लाभ, राजभय, उद्योग-व्यापार में उलझन, आंशिक लाभ होगा।

तुला राशिड़ धार्मिक लाभ, कष्ट, अनाप-सनाप व्यय होगा, परेशानी अवश्य ही बनेगी।

वृश्चिक राशिड़ राज बाधा, उलझन, यात्रा से कष्ट, गृहकार्य, राजकार्य में रुकावट बनेगी।

धनु राशिड़ शत्रुभय, मुकदमे में जीत, रोगभय किन्तु व्यापार में सुधार अवश्य होगा।

मकर राशिड़ व्यापार में लाभ, शत्रुभय, धन सुख, धार्मिक खर्च ब?गा, कुछ अच्छे कार्य होंगे।

कुंभ राशिड़ कलह, व्यर्थ खर्च, कार्य सफलता, विरोधी असफल रहें, व्यापार में सुधार अवश्य होगा।

मीन राशिड़ स्वजन सुख, पुत्र चिन्ता, सुख की हानि, व्यापार की स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# रूस-यूक्रेन युद्ध फिर भड़का-रूसी जनरल की मौत के बाद यूक्रेन पर ड्रोन हमले; कई की जान गई

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने एक बार फिर भयावह रूप ले लिया है। रूस की राजधानी मॉस्को के पास बालाशिखा में हुए बम विस्फोट में रूसी सेना के शीर्ष अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक की मौत हो गई है। वे रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ में मुख्य परिचालन विभाग के उप प्रमुख थे। रूस की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी ने उनकी मौत की पुष्टि की है और इसके लिए सीधे तौर पर यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया है।

इस हमले ने रूस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि जनरल की हत्या राजधानी के नजदीक एक उच्च-सुरक्षित क्षेत्र में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला एक आईइडी से किया गया, जिसे जनरल की कार में लगाया गया था। जनरल मोस्कालिक की मौत के कुछ ही घंटों बाद रूस ने यूक्रेन पर व्यापक पैमाने पर ड्रोन हमले शुरू कर दिए। यूक्रेन के पाव्लोग्राद शहर में हुए रूसी ड्रोन हमले में एक बच्चे और 76 वर्षीय बुजुर्ग महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, यह हमला देर रात किया गया और इससे इलाके में भारी तबाही मची।

यूक्रेन की वायुसेना ने जानकारी दी कि रूस ने एक ही रात में छह अलग-अलग क्षेत्रों पर कुल 103 ड्रोन हमले किए। सूमी और खारकीव जैसे उत्तर-पूर्वी इलाकों में भी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, इन इलाकों में किसी की जान जाने की सूचना नहीं है।

### जुलाई के बाद सबसे बड़ा हमला

इससे पहले रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर भी एक बड़ा हमला किया था, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी और 87 लोग घायल हुए थे। यह हमला जुलाई के बाद से सबसे घातक माना जा रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष लगातार तीव्र होता जा रहा है और अब यह व्यक्तिगत निशानों से लेकर आम नागरिकों तक को अपनी चपेट में ले रहा है।

# बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तानी सेना के 10 जवानों को मार गिराया

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा के मर्गाट इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना के 10 जवानों को मार गिराने का दावा किया है। यह हमला एक रिमोट-कंट्रोल आईईडी के जरिए किया गया, जिससे सेना का एक वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया। बीएलए ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए बयान जारी किया है। संगठन के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान की काबिज सेना के खिलाफ हमारे जारी संघर्ष का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि बीएलए के सदस्य अक्सर बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाते रहते हैं और पिछले कुछ दिनों में हमलों में इजाफा हुआ है। कहा जाता है कि बीएलए स्वतंत्र बलूच राष्ट्र की मांग को लेकर लगातार पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को निशाना बनाते रहते हैं।

हमले में मारे गए सैनिकों में सूबेदार शहजाद अमीन, नायब सूबेदार अब्बास, सिपाही खलील, सिपाही जाहिद, सिपाही खुर्रम सलीम सहित अन्य जवान शामिल हैं। बीएलए ने अपने बयान में कहा कि हमारे ऑपरेशन तब तक जारी रहेंगे जब तक बलूच भूमि पर कब्जा करने वाली सेना का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाता।

## संक्षिप्त समाचार

### जसपुरा में पुरूस्कृत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**बांदा।** पुरातन छात्र रामदेव निषाद उप जिलाधिकारी उन्नाव के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट चौकीपुरवा क्षेत्र जसपुरा में मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान एवं पुरूस्कृत कार्य क्रम का आयोजन किया गया ।कार्य क्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शशि भूषण मिश्रा उप जिलाधिकारी पैलानी व विशिष्ट अतिथि श्रीमती आभा अग्रवाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी जसपुरा द्वारा माँ सरस्वती पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कक्षा 8 पास कर चुके, रूचि देवी कुवर बहादुर, अंजली देवी को कक्षा में अच्छे अंक पाने पर तीनों को एक एक साईकिल देकर पुरूस्कृत किया गया जिससे अगली कक्षाओं में शिक्षण कार्य जारी रख सके साथ ही सभी छात्र छात्राओं को सात्वना पुरूषकार के रूप में पानी की बोतल, कापी, पेन देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उप जिलाधिकारी महोदय पैलानी द्वारा उपस्थिति समस्त बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के विषय पर वहुत ही सुन्दर विचार रखे एवं अभिभावकों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया साथ ही बच्चों को नियमित विद्यालय में नियमित भेजने के लिए कहाँ ।खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदया ने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरूस्कृत किया एवं सभी बच्चों को लगन के साथ पढने की बात कही। कार्य क्रम का आयोजन चन्द्रमोहन साहू प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया, संचालक उदयभान सिंह द्वारा किया गया एवं वयवस्था, ब्रजेश कुमार, मिथलेश त्रिपाठी, रमेशं चन्द्र सेन,अंज्वली यादव, दीपा वर्मा, विजय प्रताप सिंह अनुरग सिंह श्यामा जी ने किया, ग्राम प्रधान बरदानी प्रजापति एवं रामसिंह, प्रबंध समिति अध्यक्ष, फवन कुमार, अमर सिंह, रामनारायण, प्रतिपाल सिह एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रहीं।

पुरातन छात्र रामदेव निषाद उप जिलाधिकारी उन्नाव द्वारा इसके पहले भी विद्यालय हित में कार्य करते रहे हैं। विद्यालय परिवार आपका सादर स्वागत एवं अभिनदन करता है।

### कैंडल मार्च निकालकर भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि दी

**बांदा।** कश्मीर की पहलगाम की बेसरन घाटी में आतंकी हमले का शिकार निर्दोष पर्यटकों की हृदय विदारक हत्या के विरोध में भाजपाइयों ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया ।गुरुवार शाम को कस्बे के रामलीला मैदान से कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च बबेरू रोड, बांदा रोड, सिंहपुर रोड से अतर्रा रोड होते हुए तिलहर देवी मंदिर पहुंचा। यहां शोक सभा की गई और पुलवामा के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष अनुरागी ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा हत्या किया जाना बेहद निंदनीय है यह केवल मानवता पर ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की आत्मा पर आघात है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हृदय विदारक घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है। भाजपा इस कठिन समय में शोकग्रस्त परिवार के साथ खड़ी है।

शोक सभा में ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं परिवार को असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना किया।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश द्विवेदी, रमाकांत त्रिपाठी, राजनरायन द्विवेदी,राम बिहारी शुक्ला, मनोज , श्रीकांत शिवहरे, प्रभाकर द्विवेदी, जिला प्रतिनिधि भाजपा राधेश्याम साहू,आशू शिवहरे, धीरज गुप्ता, केके कुशवाहा,गौरव द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, शिवम् द्विवेदी, भोला कोटार्य, रजनीश पांडेय, धनंजय मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी, आशीष विकास आदि मौजूद रहे।

### मंगलवार को लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**बांदा।** जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जायसवाल ने बताया है किनिदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा कार्यालय परिसर, प्रधान डाकघर के सामने बंगालीपुरा, में 29 तारीख दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कम्पनियों विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों तथा मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियों तथा फोटो अवश्य लावें।

# डीएम जे.रीभा ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण





**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने आज प्राथमिक विद्यालय महुआ एवं प्राथमिक विद्यालय बरसडा खुर्द विकास खण्ड महुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम बरसडा खुर्द विद्यालय का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थित, शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर एवं विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शौचालय को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शैक्षणिक स्तर में सुधार लाये जाने तथा छात्र/छात्राओं की उपस्थिति पंजीकरण के अनुसार सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश विद्यालय के अध्यापकों को दिये। उन्होंने विद्यालय की छात्र/छात्राओं को यूनीफार्म में उपस्थित रहने हेतु अध्यापकों को निर्देशित किया ।जिलाधिकारी ने इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय महुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थित, शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर चेक करते हुए बच्चों से गणित व विज्ञान के प्रश्न पूंछे तथा शैक्षणिक स्तर बच्चों का ठीक पाया गया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को विद्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराये जाने तथा विद्यालय की चाहर दीवारी में पेन्टिंग आदि कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति बढाये जाने के निर्देश दिये। मिड डे मील की गुणवत्ता को स्वयं चेक करते हुए मीनू के अनुसार बच्चों को पौष्टिक आहार युक्त भोजन वितरण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# ब्लाक मुख्यालय बनाए जाने के समर्थन बदौसा में ऐतिहासिक बंदी

### बदौसा ब्लाक बनाओ संघर्ष समिति का पूर्व घोषित बदौसा बंद रहा पूर्णतः सफल

### चाय-पानी से लेकर दवाई की दुकानें भी रही बंद बाजार में पसरा रहा सन्नाटा



**बदौसा।** विगत कई महीनों से शासन द्वारा जिले के 9वें ब्लाक के रूप में घोषित बदौसा में अभी तक जिला प्रशासन द्वारा ब्लाक मुख्यालय बनाए जाने हेतु भूमि चयन व पूजन न किए जाने के विरोध में बदौसा ब्लॉक बनाओं संघर्ष समिति व व्यापारिक संगठन उधोग व्यापार मंडल तथा भारतीय उद्योग व्यापार संगठन के आह्वान पर पूर्व घोषित एक दिवसीय बदौसा बंद पूर्णतया सफल रहा। उपजिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी आंदोलनकारियों के बीच बैठ कर आश्वाशन दिया कि बदौसा में ब्लॉक बनाए जाने के लिए तहसील की भूमि का सीमांकन किया जा रहा है। एक सप्ताह में निर्णय हो जाएगा। एस डी एम के आश्वासन पर बदौसा बन्दी ढाई बजे समाप्त हुई।

विदित हो कि पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने बदौसा कस्बे को जिले के नौवें ब्लाक के रूप मान्यता प्रदान की जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ब्लाक मुख्यालय व भवन निर्माण हेतु भूमि चयन के प्रयास में लग गया परन्तु कदापि कारणों से ब्लाक मुख्यालय कस्बे से 5 किलोमीटर दूर तुर्रा गांव में बनने की सुगबुगाहट होने पर स्थानीय व्यापारी व आम जनमानस इसके विरोध में उतर आया जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक ने स्थानीय व्यापारियों से मिलकर बदौसा में ही ब्लाक मुख्यालय बनाए जाने की बात कही थी। परंतु लगभग चार माह बीत जाने के बाद अभी तक भूमि चयन व पूजन न होने के चलते पिछले कई दिनों से बदौसा ब्लाक बनाओ संघर्ष समिति व व्यापार मंडल के पदाधिकारी शासन प्रशासन से बदौसा स्थित पुरानी तहसील की भूमि पर ब्लाक मुख्यालय बनाए जाने की लगातार मांग कर रहे थे। जिसके बाद ब्लाक बनाओ संघर्ष समिति ने उपजिलाधिकारी अतर्रा को ज्ञापन सौंप पूर्व निर्धारित समय 13 अप्रैल तक भूमि चयन न होने के विरोध में 26 अप्रैल को बदौसा बंद का ऐलान किया था। जिसके बाद शनिवार को पूर्व घोषित बाजार बंद का आगाज किया गया। जिसमें शनिवार को सुबह से ही व्यापारियों ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए बदौसा कस्बे के अंदर बाजार को पूरी तरह बंद रखा जिससे स्टेशन रोड, पौहार रोड़, नई बाजार, सब्जी मंडी, जिला परिषद कालोनी, पुरानी बाजार, थाने के सामने व फतेहगंज तिराहा निजामी नगर , गड़रियन पुरवा, बंगाली पुरवा तथा बगीचा पुरवा तक पूर्णतया बंदी रही। बंदी के चलते चाय पान नाश्ता से लेकर जूता चप्पल, कपड़ा, किराना, दवा की दुकान इत्यादि भी पूरी तरह बंद रही।

इस दौरान बदौसा ब्लाक बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक सन्तोष कुशवाहा व शिवप्रसाद उर्फ शिवा, आनंद स्वरूप गौतम, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विजय यादव, धर्मेंद्र सिंह खटीक, शिवा शिवहरे, रामजस निषाद, विनीत रावत, रवि शंकर गुप्ता, अजय जैन, सचिन जैन, दयानंद गुप्ता, उधोग व्यापार मंडल अध्यक्ष नवीन जैन, महामंत्री हरीओम बाजपेयी, अभिषेक सोनी, हरिओम सोनकर, उपाध्यक्ष शाहनवाड़ खान शानू, रज्जू वर्मा, खुर्शीद अहमद सैकड़ों की संख्या में व्यापारी अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करके सड़कों में उतर कर बदौसा की आनबान शान को कायम रखा।

# जसपुरा कस्बे में दबंगई से खंडजा और नाली तोड़ी, ग्रामीणों में आक्रोश



**जसपुरा ( बांदा )।** कस्बा जसपुरा के मोहल्ला स्थित बाँदा-हमीरपुर रोड से मधुराज सिंह के मकान होते हुए बउवा गुप्ता के मकान तक ग्राम पंचायत द्वारा एक वर्ष पूर्व बनाए गए खंडजे और नाली को शनिवार को बिजली विभाग के ठेकेदार ने जबरन तोड़ दिया। ग्रामीणों ने विरोध किया, लेकिन ठेकेदार नहीं माना और लगभग 200 मीटर लंबा खंडजा और दोनों ओर की ओपन नाली को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी अनुमति के 11 हजार वोल्ट की अंडरग्राउंड केबल डलवाई जा रही है। इस दौरान सरकारी खंडजा और नाली को जेसीबी से खोद डाला गया। मोहल्ले वालों ने ठेकेदार से आग्रह किया कि खंडजे के दोनों ओर अभी नाली बनवानी बाकी है, ऐसे में इसे न तोड़ा जाए, लेकिन ठेकेदार ने दबंगई दिखाते हुए कोई बात नहीं मानी। मोहल्ले के मधुरेश सिंह, डॉ. आनंद, देवेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता, बउवा गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, रामकिशोर द्विवेदी आदि ने बताया कि रास्ता पहले ही सकरा था, अब पूरे रास्ते में कीचड़ और गंदा पानी भर गया है। इससे लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और क्षतिग्रस्त खंडजे व नाली की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

# अतर्रा में जदयू कार्यालय का उद्घाटन के बाद शहीदों को श्रद्धांजलि , जनता की आवाज बनने का लिया संकल्प



**बांदा।** जनता दल (यूनाइटेड) ने अतर्रा तहसील में संगठन को मजबूती देने के लिए नया कार्यालय खोला। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिवमोहन गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के शहीदों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई ।कार्यक्रम की संयोजक जदयू महिला प्रकोष्ठ अतर्रा नगर अध्यक्ष ज्योति मौर्य और अध्यक्षता नगर विकास प्रकोष्ठ बांदा के जिला अध्यक्ष काशी प्रसाद याज्ञिक ने की। आयोजन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिवमोहन गुप्ता का पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया। पत्रकारों का भी सम्मान कर लोकतंत्र में उनकी भूमिका को नमन किया गया।

संविधान के दायरे में लड़ाई का आह्वान

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि जदयू कार्यकर्ता किसी अधिकारी या नेता से डरें नहीं। संविधान की रक्षा करना और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाए ।सिंह पटेल ने दिया कार्यकर्ताओं को संघर्ष का मंत्र कार्यक्रम में जदयू जिला अध्यक्ष, समाज सुधार वाहिनी, गरिमा सिंह पटेल ने कहा, ष्जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारा कर्तव्य है। हर तहसील में जदयू कार्यकर्ता जनता की आवाज बनेंगे। पीड़ितों को अब अन्याय नहीं सहना पड़ेगा। सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से आगे बड़ाया जाएगा। पार्टी के हर कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि वे हर जरूरतमंद के साथ खड़े रहें और हर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करें ।ष्उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाज सुधार के मिशन के साथ पार्टी जनता के बीच जाएगी और हर वंचित वर्ग को न्याय दिलाने का कार्य करेगी।

शोषण के खिलाफ कड़ा रुख जिला महासचिव बाबूलाल चौधरी ने कहा कि जनता के शोषण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जदयू के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सच्चे सिपाही की तरह जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे ।प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी इस अवसर पर जिला महासचिव मीरा राजपूत, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश निगम, महुआ ब्लाक अध्यक्ष भुवनेश्वर तिवारी, जिला महासचिव बशीर अली खान, प्रदेश प्रवक्ता सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संतोष अकेला, दिव्यांग प्रकोष्ठ से बिहारी लाल अनुरागी और भारत लाल कुशवाहा, उद्योग प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सीमा कुशवाहा, शिवम रैकवार, रूपा देवी, रमजा खान, प्रेमलता रैकवार, मुन्ना लाल साहू, आशीष कुमार, ममता, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।जन-जन तक पहुंचेगी सामाजिक न्याय की अलख कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों को हर गांव तक पहुंचाया जाएगा, संविधान के मूल्यों की रक्षा होगी और सामाजिक न्याय की लड़ाई को निरंतर आगे बड़ाया जाएगा।

# समस्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए: आयुक्त

### विद्यालय व स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण




**बांदा।** चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा के आयुक्त महोदय ने आज तहसील बबेरू में आयोजित समाधान दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं को गम्भीरता से सुना। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को त्वरित राहत प्रदान की जा सके। समाधान दिवस के उपरांत आयुक्त ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बबेरू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक, अध्यापकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित मिले। आयुक्त महोदय ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया। भोजन सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई, परन्तु विद्यालय की साफ-सफाई, शौचालय और पेयजल व्यवस्था अत्यंत असंतोषजनक पाई गई। इस पर आयुक्त महोदय ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत आयुक्त महोदय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बबेरू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश उपस्थित रहे। चिकित्सा केन्द्र में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता एवं डॉक्टरों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। हालांकि शौचालय के दरवाजे एवं टाइल्स की खराब स्थिति पर सुधार कार्य तत्काल कराने के निर्देश दिए गये। निरीक्षण में यह भी अवगत कराया गया कि अग्नि सुरक्षा यंत्रों में कुछ तकनीकी कमियाँ हैं तथा सिक्योरिटी गार्ड का अनुबंध समाप्त होने के कारण वर्तमान में सुरक्षा व्यवस्था बाधित है। साथ ही केन्द्र में सफाईकर्मियों एवं एक चीफ फार्मासिस्ट की आवश्यकता है। इन सभी कमियों के शीघ्र निस्तारण हेतु जिला अग्निशमन अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। आयुक्त ने निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए, अस्पताल कर्मियों का व्यवहार मृदु हो, दिव्यांगजनों हेतु रैम्प एवं ट्राइसाइकिल की समुचित व्यवस्था हो तथा केन्द्र में भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

# गडरिया गांव से शुरू हुआ चंद्रावल नदी पुनर्जीवन अभियान, भूमि पूजन के साथ खुदाई कार्य का शुभारंभ

### जल है तो कल है: जल संरक्षण की दिशा में बांदा प्रशासन की बड़ी पहल



**जसपुरा ( बांदा )।** विलुप्त होती नदियों को फिर से जीवन देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार को ग्राम पंचायत गडरिया में चंद्रावल नदी के जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन कर खुदाई कार्य की शुरुआत की गई। यह कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत जल संचयन अभियान के तहत जिला अधिकारी महोदया एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद ने की। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धनराज कोटार्य, संयुक्त खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह यादव, एडीओ पंचायत गुरुप्रसाद, एडीओ आईएसबी, अवर अभियंता, ग्राम सचिव योगेश कुमार, आनंदमोहन शर्मा ,ओमप्रकाश पाल,ग्राम प्रधान लीला, विकासखंड जसपुरा के समस्त ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक और ग्रामीणजन मौजूद रहे। भूमि पूजन के बाद चंद्रावल नदी की सिल्ट सफाई व खुदाई कार्य का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धनराज कोटार्य व संयुक्त खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यह कार्य केवल नदी पुनर्जीवन नहीं, बल्कि जल संरक्षण के राष्ट्रीय मिशन का हिस्सा है। ष्जल है तो कल है, खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव मेंष् जैसे नारों के साथ जनजागरूकता को भी जोड़ा गया है। इस अभियान की शुरुआत गडरिया गांव से हुई है जो अमारा, बरेहटा, पडोहरा होते हुए आगे तक विस्तारित की जाएगी। अधिकारीगणों ने स्पष्ट किया कि यह कार्य आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सशक्त प्रयास है। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

» न्यूज कैप्सूल »

## घर में घुसकर गृह स्वामी और परिजनों के साथ सरेआम गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमुनिया में दो परिवारों के बीच चल रहे विवाद के चलते एक पक्ष के चार दबंगों ने विपक्षी के घर में घुसकर गृह स्वामी और उसके परिजनों के साथ सरेआम गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। उह घटना के संबंध में पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर नामजद चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्राम जमुनिया निवासी महेंद्र पुत्र भज्जू ने थाना नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका विवाद काफी समय से गांव में ही रहने वाले शंकर पुत्र सुंदर आदि से चल रहा है, जिस कारण वह उससे आपसी रंजिश भी रखते हैं। इसी के चलते दिनांक 24 अप्रैल 2025 को रात्रि करीब 9:00 बजे दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी शंकर ने अपने चार अन्य दबंग साथियों के बल पर उसके घर में घुसकर उसके और उसके परिजनों के साथ जमकर सरेआम गाली गलौज की। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने सरेआम मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। थाना नाराहट पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी नमाजद आरोपियों के खिलाफ 333 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## दबंग पर लगाया गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड़ने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बानपुर के स्थानीय कस्बे में रहने वाले एक साभ्रन्त परिवार के ग्रामीण ने गांव के ही दबंग विपक्षी पर पुरानी विवाद को लेकर सरेआम गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। इसके साथ ही मकान पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा को तोड़कर दुकान की शटर को लात मारकर तोड़ने का भी प्रयास करने का आरोप लगाया। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायती पत्र पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बानपुर निवासी राजेश कुमार जैन पुत्र स्वर्गीय प्रकाश चंद्र जैन ने थाना बानपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि पूर्व में उसका विवाद कस्बे में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू राजा पुत्र गोविंद सिंह से हो गया था, जिस कारण वह उससे आपसी रंजिश भी रखता है। इसी पुरानी रंजिश के चलते दिनांक 18 अप्रैल 2024 को रात्रि करीब 11:00 बजे दबंग प्रवृत्ति का विपक्षी जितेंद्र सिंह उ? जीतू राजा उसके घर पर आया और उसके साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जब उसने देखा कि वहां पर लगे हुए सीसीटीवी में उक्त घटना कैद हो गई है, तो उसने सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया और दुकान की शटर तोड़ने के उद्देश्य उसमें भी लात मारी। थाना बानपुर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ 324(4), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## रिस्तेदारी में जाने की कहकर निकले ग्रामीण का संदिग्ध परिस्थितियों में शव सड़क पर पड़ा मिलने से मचा हड़कंप

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खटोरा में अपनी रिश्तेदारी में जाने की कहकर 5 दिन पूर्व निकले ग्रामीण का अपने ही रिश्तेदार के गांव के तिराहे पर संदिग्ध परिस्थितियों में मरणासन्न अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां डाक्टरी परीक्षण के दौरान उसे मृतक घोषित किया गया। इसके बाद ग्रामीण के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम खटोरा निवासी 48 बर्षीय घासीराम पुत्र तुलई करीब 5 दिन पूर्व अपने घर से रिश्तेदारी में जाने की कहकर निकल गया था और उसके बाद में घर लौट कर नहीं आया। उसके पारिवारिक जिन्होंने उसकी काफी खोजबीन की अपने रिश्तेदारों से पूछा जान पहचान वालों से जानकारी करने का प्रयास किया लेकिन उसके बारे में कहीं कुछ पता नहीं चला। इसके बाद शनिवार को सौजना क्षेत्र के ग्राम गुड़ा निवासी अपने ही रिश्तेदार से जानकारी प्राप्त हुई कि घासीराम क्योंलारी तिराहे पर मृतक अवस्था में पड़ा है। ड़ब तक परिजन मौड़े पर पहुंचे, तब तक पुलिस भी पहुंच गई थी। मृतक की पहचान होने के बाद शव को कब्जे में लेकर पांच नाम आधार पर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और जांच में जुट गई है। परिजन ग्रामीण कीमत के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दे सके। बताया गया है कि मृतक दो भाई और तीन बहन में दूसरे नंबर का था।

## सैंतालीस बर्षीय किसान ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**ललितपुर।** बिरधा चौकी अंतर्गत ग्राम बमरोला में एक अधेड़ ने फाँसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है। बताते चलें कि 47 बर्षीय भरत पटेल पुत्र खुशीलाल ने अज्ञात कारणों के चलते घर मे ही फांसी लगाकर आत्मदाह कर लिया है। उनके तीन बच्ची एक बच्चा है जिनमें तीन बच्चियों की शादी हो गई थी एवं बच्चा संजू जो कि मानसिक बीमारी से ग्रसित है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ललितपुर ने किया आतंकवाद पुतला दहन



**ललितपुर।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ललितपुर के तत्वाधान में विचार परिवार एवं समस्त हिन्दू जनमानस के द्वारा ललितपुर मुख्यालय के घंटाघर पर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया, जिसमें विभिन्न वक्ताओं द्वारा विषय रखा गया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी जी ने कहा पहलगाम में जो घटना हुई है, वहां पर धर्म पूछकर हिंदुओं की निर्मम हत्या कर दी गई. भारत के प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि सीमा पर आतंकी अड्डों को बंद किया जाए और अगर जरूरत पड़े तो मुहतोड़ जाबाज दिया जाए।

इसी क्रम में बजरंग दल के प्रान्त सह संयोजक शुभम कौशिक जी ने कहा पहलगाम की वक्फ बोर्ड के खिलाफ अधिनियम पास किये जाने कारण हिन्दू पर्यटकों पर हमला किया गया है।

आतंकवादियो के द्वारा हिन्दुओं की हत्या के बाद उनके शवो कि फोटो खींचकर पाकिस्तान में बैठे आपने आकाओं को भेजी गई, जिससे प्रतीत होता है कि यह घटना पाकिस्तान के द्वारा कराई गई है। प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी से अनुरोध है कि पाक अधिकृत कश्मीर में जो आतंकी अड्डे है, उनको सेना द्वारा नेस्तनाबूद किया जाए अंत में पहलगाम में मारे गए हिन्दू परिवारों के लिए 2 मिनिट का मौन धारण किया गया। संघ से जिलासंचालक रमेश सोनी, सुधांशु शेखर हुण्डेत, जिलकार्यवाह आशीष चौबे, विहिप जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी,हकीम सिंह लोधी, विनोद शर्मा, सुबोध गोस्वामी, जितेन्द्र वैध, अजय जैन साइकिल, राकेश मालवीय, बजरंग दल के प्रान्त सह संयोजक शुभम कौशिक,भरत रजक, बृजेन्द्र सिंह गौर, रामेश्वर मालवीय, भरत रिछारिया, संयज जैन राजू सेठ, रूपेश साहू,डग्गी राजा जैरवारा, प्रवल सक्सेना, विकाश श्रीवास्तव, आत्माराम दुबे, शरद तिवारी, राजेश साहू, प्रमोद साहू,प्रकाशचंद साहू ,दिनेश साहू, दीपक सोनी,स्वाति पाराशर प्रतिज्ञा मालवीय, प्रियंका पटेरिया, दीपका अहिरवार, निकिता घावरी, कुमकुम सिंह परिहार, रिया, सेजल, संजू ग्वाला, नरेंद्र पाठक, आलोक जैन, अंशुल झा, विनीत तिवारी, दीपक राठौर, दीपक तिवारी, अमन सोनी, सुमित कुशवाहा, अमित खटीक,डॉ संजीव कड़की, सुरेश श्रीवास्तव, अमित खटीक, बृजबिहारी भार्गव, हरेंद्र राजा,शुभम कुशवाहा, इशू जोशी शिवाजी राजा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी परिवहन प्रपत्र तैयार करने वाले गिरोह पर खनिज विभाग ने दर्ज कराया मुकदमा

### फर्जी प्रपत्रों के आधार पर चल रहा था परिवहन का खेल

**ललितपुर।** दिए गये शिकायती पत्र के क्रम में जिलाधिकारी के द्वारा लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड) में ऑनलाइन सत्यापित किये जा रहे खनिजों के परिवहन प्रपत्रों की जॉच हेतु जाँच समिति का गठन किया गया था। गठित जॉच समिति के सदस्यों द्वारा कारय्यालय लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड) में ऑनलाइन सत्यापित किये जा रहे खनिजों के परिवहन प्रपत्रों की जॉच दिनांक 24 मार्च 2025 को की गयी। जॉच के दौरान ललितपूर से देवगढ़ रोड के निर्माण कार्य करा रहे, ठेकेदार विक्रम सिंह पुत्र प्रीतम सिंह द्वारा प्रस्तुत खनिज परिवहन प्रपत्र कट रचित / फर्जी पाये गये। उक्त के सम्बन्ध में ठेकेदार विक्रम सिंह द्वारा अवगत करायागया कि उक्त परिवहन प्रपत्र सौरभ तिवारी से क्रय की गयी थी। ठेकेदार विक्रम सिंह एवं सौरभ तिवारी तथा उक्त कार्य में संलिप्त व्यक्तियों द्वारा राजस्व की भारी हानि पहचांयी जा रही थी। उक्त फर्जी परिवहन प्रपत्र तैयारकरने वाले गिरोह पर भा0न0सं0 की धारा 318, 336/(3), सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम-1984 की सुसंगत धाराओं उश्पश उपखनिज परिहार नियमावली- 2021 के नियम- 3, 58 व 72 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में थाना में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। इस मामले में विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खुनिज् परिवहन प्रपत्र को उच्च सिक्योरिटी फीचर्स के साथ विभाग ने लागू किया है, जिसका डप्लीकेट बनाया जाना सम्भव नही है। अगर इसमें कोई भी छेड़-छाड करता है, तो तुरन्त पकड में आ जाता है।

इस मामले में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी का कहना है कि अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रहीहै, अगर भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कत्य करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# न्यायालय में पेशी पर आए पति ससुर और जेठ के साथ महिला और उसके परिजनों ने सरेआम गाली गलौज कर की मारपीट

### मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### जिलाधिकारी के निर्देश पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों पर किया मामला दर्ज

**ललितपुर।** पारिवारिक विवाद के निस्तारण के लिए जनपद के कुटुंब न्यायालय में चल रहे विचाराधीन मामले में पेशी पर आए पति जेठ और ससुर के साथ महिला और उसके परिजनों ने सरे आम गाली गलौज कर चप्पलों से मारपीट की थी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उक्त घटना को लेकर पीड़ित ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया। जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस ने मामला पंजीकृत किया।

समीपवत्ती मध्य प्रदेश के जनपद टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम गोदानवारा निवासी अवधेश पुत्र जोरावल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया था कि दिनांक 17 अप्रैल 2025 को शाम करीब 4:30 बजे वह अपने भाई राहुल एवं पिता जोरावल के साथ प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय में धारा 125 नवीन धारा 144 की पेशी हेतु आए थे। न्यायालय में पेशी करने के पास चार्ट जब वह अपने भाई और पिता के साथ न्यायालय से बाहर आए, तभी उसकी पत्नी पूजा पुत्री श्यामलाल उसकी सास सावित्री बाई साले सुरेंद्र एवं उसकी चाची की पुत्री रामदेवी निवासीगण ग्राम पुराकड़ी थाना बानपुर एक राय होकर आए और उसे दबोच कर जमकर गाली-गलौज करते हुए उसके पिता एवं भाई के साथ चप्पलों से मारपीट करना शुरू कर दिया। जब वह उन लोगों के साथ मारपीट कर रहे थे, तभी वहां पर किसी ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जो आज भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इस दौरान उसे और उसके माता-पिता भाई की काफी बेज्जती हुई थी और उनकी मानहानि भी हुई थी। इसके बाद उक्त प्रार्थना पत्र को पुलिस विभाग को प्रेषित कर दिया गया था। जिसके बाद सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# डीजल की तस्करी करते हुए पकड़े गए ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

### चेकिंग तथा गस्त अभियान के दौरान पुलिस ने ट्रक को डीजल से भरे हुए ड्रम के साथ पकड़ा था

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में डीजल के दामों में अंतर होने के कारण दोनों ही प्रति के बीच लगातार डीजल और पेट्रोल की तस्करी होती रहती है। लेकिन पुलिस को जब-जब इसकी भनक लगते हैं तो वह दूसरों के खिलाफ कार्रवाई भी करती है। ऐसे ही एक मामले में जब कुछ लोग एक ट्रक में डीजल से भरे ड्रम रखकर परिवहन कर रहे थे, तभी इसकी भनक महरौनी कोतवाली इंचार्ज को लगी और उन्होंने छापामार कार्रवाई करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया, जिसमें से डीजल से भरे हुए और खाली ड्रम बरामद किए गए थे। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने ट्रक सहित चालक और क्लीनर के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है।

जनपद में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य चलाये जा रहे अभियान के तहत जब कोतवाली महरौनी निरीक्षक निर्भन चंद पुलिस टीम के साथ दिनांक 24 अप्रैल 2025 को इलाके में गस्त अभियान पर मौजूद थे, तभी उन्हें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जरया के पास एक ट्रक क्रमांक आर्जे 14 जेडी 3062 खड़ा हुआ है, जिसमें डीजल से भरे हुए और खाली ड्रम भी लगे हुए हैं और उसे अनुमान है कि यह ट्रक डीजल की तस्करी में उपयोग किया जा रहा है। इस दौरान जब उन्होंने पुलिस बल के साथ चिन्हित स्थान पर शाम करीब 4:00 बजे छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया, तब उन्होंने ट्रक को डीजल से भारे और खाली ड्रम के साथ बरामद कर लिया। लेकिन इसके ड्राइवर और क्लीनर मौके का फायदा उठाकर रफू चक्कर हो गए थे। इसके बाद उन्होंने स्थानीय कोतवाली पर उक्त मामले को 317(2), 318(4), 338, 336, 340(2) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## मकान की अलमारी में लगभग पंद्रह फीट लंबा अजगर मिलने से मोहल्ले में मचा हड़कंप

### ग्रामीणों ने लाठी डंडा से पीट-पीट कर अजगर को मौत की नींद सुलाया

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बा पंड्याना वार्ड में रहने वाली एक ग्रामीण के घर में अजगर की मौजूदगी होने से इलाके में हड़कंप जैसे स्थिति रही। हालांकि ग्रामीणों ने वन विभाग को घटना की सूचना दी लेकिन जब बनवाहक की टीम सूचना मिलने के बाद भी करीब 2 घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची तब ग्रामीणों ने लाठी डंडों से उसे मारपीट कर मौत की नींद सुला दिया। इस मामले में वन विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है, जो ग्रामीणों की जान पर भी भारी पड़ सकती थी।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रबर की रात कस्बा पाली के मुहल्ला पंड्याना पवन वंशकार पुत्र धनीराम वंशकार के घर की अलमारी में रखे डिब्बे के ऊपर सर्प जाति का एक घातक प्राणी अजगर के बैठे होने की भनक लगते ही इलाके में हड़कंप जैसी स्थिति रही। इस घटना की जानकारी जैसे ही मोहल्ले में फैली, वैसे ही एक डर का माहौल उत्पन्न हो गया। हालांकि ग्रामीण में अपने घर के दरवाजों को बंद कर दिया और तत्काल उक्त घटना की सूचना वन विभाग को दी। लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों ने बड़ी लापरवाही से कम लिया जिससे सूचना देने के 2 घंटे बाद भी वन विभाग की टीम घटनास्थल तक नहीं पहुंची। जब वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची, तब ग्रामीणों ने लाठी डंडों की मदद से अजगर को मारपीट कर मौत की नींद सुला दिया। अजगर के मरने की खबर पाती ही इलाके में शांति का माहौल देखा गया। वन विभाग द्वारा टीम ना भेजे जाने के कारण ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है।

# नबीन गल्ला मंडी में दुकानदारों द्वारा किसानों के साथ किया जा रहा छल





### एमपी के किसानों की तौल करने में प्रति बोरी पंच किलो अधिक अनाज लेने का आरोप

### मंडी में देर शाम मानक से अधिक तुलाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### मामला संज्ञान में आने पर मंडी सचिव ने कार्यवाही का दिया आश्वासन

**ललितपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित नवीन गल्ला मंडी में वहां के एक दुकानदार द्वारा एमपी से आये एक किसान का अनाज तौलने के नाम पर छूल करने का मामला सामने आया है। इस दौरान दुकानदार के अनाधिकृत मुनीम द्वारा किसान का अनाज निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में तोला गया। जब किसान ने यहां पर हंगामा खड़ा कर दिया, तब मंडी सचिव सहित अन्य दुकानदार मौके पर आए और कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई। जिस पर मंडी सचिव ने किसान को दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात समीप वर्ती मध्य प्रदेश के सागर जनपद अंतर्गत खुरई तहसील के ग्राम टोड़ा काछी निवासी नंदकिशोर और संग्राम सिंह नामक दो किसान जिला मुख्यालय पर स्थित नवीन गल्ला मंडी में हरी मटर लेकर बेचने के लिए आए थे। इसके बाद शुक्रवार को देर शाम गल्ला मंडी में ही स्थित यादवेंद्र सिंह विवेक सिंह के नाम से संचालित एक दुकान के अनाधिकृत मुनीम द्वारा उक्त किसान को अपनी मीठी मीठी बातों में उलझाया और अनाज बेचने के लिए राजी कर लिया। लेकिन ड़ब देर शाम यहां पर किसान की मटर की तुलाई चालू की गई, तब उसकी मटर बोरी की निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा की तौल कर ली जाने लगी। किसान ने ड़ब दुकानदार की इस हरकत पर विरोध जताया, तो मुनीम अभद्रता पर उतारू हो गया। जिस कारण किसानों को गुस्सा आ गया और उन्होंने दुकानदार पर निर्धारित मात्रा से करीब 5 किलो अधिक तोलने का आरोप लगाकर वहां पर हंगामा खड़ा कर दिया। किसानों का आरोप है कि उक्त दुकानदार द्वारा टोल की बोरी में निर्धारित 60 किलो 300 ग्राम बजन की मात्रा पर तुलाई की जानी थी, लेकिन दुकानदार के मुनीम द्वारा 65 किलो 300 ग्राम की तोले की गई जो निर्धारित मात्रा से काफी अधिक है और उसे बड़ा नुकसान होने की संभावना बनी हुई थी। हालांकि इस घटना की सूचना जैसे ही गल्ला मंडी के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को लगी, वैसे वह मौके पर पहुंचे और तत्काल मामले की पड़ताल करते हुए दुकानदार का लाइसेंस निरस्त कर अन्य विधायक कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें गल्ला मंडी के दुकानदारों द्वारा यहां आने वाले किसानों के साथ किए गए छूल को उजागर किया है।

### क्या कहता है किसान



इस मामले में समीपवर्ती मध्य प्रदेश के सागर जनपद अंतर्गत खुरई निवासी किसान संग्राम सिँह व नंद किशोर का कहना है कि वह सागर जनपद की खुरई तहसील के अंतर्गत ग्राम टोड़ा काछी से अपनी उपज की हरी मटर लेकर गल्ला मंडी में बेचने के लिए आए थे। लेकिन जिस दुकानदार को उन्होंने अपनी हरी मटर का माल बेचा था, उस दुकानदार का मुनीम उनकी मटर को निर्धारित भजन से 5 किलो ज्यादा तोलकर ले रहा था। जब उन्होंने मुनीम की इस हरकत पर बिरोध जताया, तब वह अभद्रता करने लगा, जिस कारण उन्होंने इस मामले की शिकायत मंडी सचिव से की थी।

### इनका कहना है



इस मामले में मंडी सचिव का कहना है कि हंगामा की सूचना पर हुआ है मौके पर पहुंचे थे। जब उन्होंने इस मामले की पड़ताल की, तो पाया गया कि किसान के अनाज की तुलाई के दौरान पांच बोरियों में निर्धारित मात्रा से करीब 5 किलो अधिक अनाज तौला गया, जिससे किसान के साथ छल किया गया है। मंडी सचिव ने बताया कि एक बोरी में निर्धारित मात्रा 60 किलो 300 ग्राम की निर्धारित की गई है, जबकि दुकानदार द्वारा 65 किलो 300 ग्राम तौलकर लिया जा रहा था, जो काफी अधिक है। इस मामले में वह दुकानदार का लाइसेंस निलंबित करेंगे और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाएंगे।

# नशीला माड़क पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले अंतरप्रांतीय शातिर को गिरफ्तार करने में जाखलौन पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### जाखलौन पुलिस द्वारा करीब पांच लाख की ड़ीमत की 02 किलो 31 ग्राम अवैध चरस सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** जनपद में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक की उत्कृष्ट कार्य प्रणाली का नमूना उस समय देखने को मिला, जब पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा एक अंतर प्रांतीय शातिर चरस की तस्करी करने वाले छात्र अभियुक्त को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 2 किलो 31 ग्राम चरस बरामद की गई जिसके बाद पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर मामला पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य लगातार चेकिंग और गस्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध भी अभियान चलाया जा रहा है। इसी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन/ वस्तु की चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर धौर्रा से भारौन रोड़ के किनारे बने कचरा घर के गेट के पास बहद ग्राम धौर्रा थाना जाखलौन से एक 70 ब्रशॉय व्यक्ति मोहम्मद शमी पुत्र मोहम्मद हाशिम निवासी विजय नगर कच्ची बस्ती थाना शास्त्रीनगर जिला जयपुर राजस्थान को हिरासत में लिया गया। तलासी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 02 किलो 31 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।

# बबीना हाईवे पर खड़ा था गांजा से भरा ट्रक

### ट्रक से लाखों का गांजा किया बरामद किया, एक गिरफ्तार

### काजू के छिलकों की बोरियों के नीचे छुपाकर ले जाया जा रहा था गांजा



**झांसी।** बबीना थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे का कुल वजन 311.437 किलोग्राम है, जिसे ट्रक में काजू के छिलकों की बोरियों के नीचे छुपाकर ले जाया जा रहा था।

विवरण के मुताविक थानाध्यक्ष बबीना अजमेर सिंह भदौरिया को सूचना मिली थी कि झाँसी-ललितपुर हाईवे पर स्थित गोविन्दम ढाबा के पास एक लाल रंग का ट्रक, नंबर क्क 13,क्क 3517, खड़ा है जिसमें भारी मात्रा में अवैध गांजा भरा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष ने चौकी प्रभारी भेल उपनिरीक्षक दिनेश कुमार गिरि व उनकी टीम को मौके पर बुलाया। साथ ही क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकान्त गौतम को भी सूचना दी गई। पुलिस टीम ने तय रणनीति के तहत ट्रक को चारों ओर से घेर लिया। मौके पर मौजूद पुलिस बल में उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह, कांस्टेबल अमित तिवारी, राकेश बाबू , लवकुश पाण्डेय, चालक विनय सिंह आदि शामिल थे।

#### अभियुक्त मौके से गिरफ्तार

ट्रक में बैठे व्यक्ति को बाहर निकलने का इशारा किया गया। ट्रक से उतरे व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम विनोद कुमार पुत्र राम नक्षत्र प्रसाद निवासी जहू परसिया, थाना नियर पकड़ी बाजार, जिला देवरिया, हाल पता जीवन नगर, लुधियाना (पंजाब) बताया। अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने पुलिस चेकिंग से बचने के लिए ट्रक को हाईवे किनारे खड़ा कर रखा था।

#### 300 पैकेट गांजा बरामद

क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में ट्रक में रखे माल की तलाशी ली गई। काजू के छिलकों से भरी बोरियों को हटाकर जब ट्रक की तलाशी ली गई तो नीचे प्लाईबोर्ड के नीचे छुपा कर रखे गए 300 पैकेट गांजा बरामद हुए। गांजे के प्रत्येक पैकेट को टेप से लपेटा गया था। कुल वजन 311.437 किलोग्राम पाया गया जिसकी बाजारू कीमत एक करोड़ रुपए आंकी गई इसके अतिरिक्त अभियुक्त के पास से 1750 रुपये नकद भी बरामद किए गए।

#### उड़ीसा से लाई जा रही थी खेप

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह यह अवैध गांजा उड़ीसा के सोनपुर जिले से लेकर आया था और इसे अन्य राज्यों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस अब तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

थाना बबीना पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/29/60 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। अभियुक्त से पूछताछ जारी है तथा जल्द ही अन्य तस्करों की गिरफ्तारी की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकान्त गौतम ने कहा कि झाँसी जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखते हुए समय रहते सूचना पर कार्रवाई की गई, जिससे एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ संभव हो सका। हम इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करेंगे। नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए हमारी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## समस्त थाना प्रभारी थानास्तर पर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के हिस्ट्रीशीट की निगरानी करे: पुलिस कप्तान



**झांसी।** नवागन्तुक एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्थी ने मासिक अपराध गोष्ठी में जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, विवेचनाओं के निस्तारणा, आई0जी0आर0एस0/शिकायत प्रकोष्ठ के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण आदि के संबंध में महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और सैनिक सम्मेलन में पुलिस कर्मियों की समस्याएँ सुनी और समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को किया निर्देशित किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन झाँसी सभागार में सैनिक सम्मेलन का आयोजित किया गया। सैनिक सम्मेलन में जो पुलिस कर्मी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए उनकी समस्याओं को एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्थी ने सुनकर समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया।

# डीएम ने कहा: कब्जाधारियों पर की जाए कार्रवाई



### थानों में आने वाले शिकायतकर्ताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें

**झांसी।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती ने संयुक्त रूप से समाधान दिवस पर थाना सदर बाजार में जन शिकायतों को सुना, शिकायतों को सुनते उन्होंने हुए सरकारी एवं निजी भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जों की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील होकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों का समय से निस्तारित किया जाए।

#### अफसरों से कहा- कोई आग न लगाए, इस पर नजर रखी जाए

थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित लेखपाल, कानूनगो और पुलिस अधिकारियों से कहा कि गर्मी के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खेत में कोई आग न लगाए इस पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

#### टॉप टेन अपराधियों पर की जाए कड़ी कार्रवाई

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सदर बाजार में पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। थाने के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विवेचना पंजिका, टॉप टेन अपराधी पंजिका का अवलोकन कर टॉप टेन अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने एवं भूमि संबंधित प्रकरणों के नियम अनुसार समाधान किए जाने के निर्देश दिए।

#### कब्जा कर खेतों पर जाने वाले रास्ते को कर दिया बंद

थाना समाधान दिवस के अवसर पर अनेक प्रार्थीगण मौजा सिंगरा तहसील व जिला झाॅसी की अराजी संख्या-112, 113 ग, 123, के संक्रमण भूमिधर कास्थकार है मैन रोड से प्रार्थीगण के खेतों पर जाने के लिये अराजी संख्या 149 राजस्व अभिलेखों में एवं सजरा मानचित्र में अंकित है जिसका इस्तेमाल प्रार्थीगण वर्षों से करते आरहे है जबकि कुछ दिनों से रोड से लगे हुए अराजी संख्या 150 एवं 151 के कास्थगार रमेश कोरी, ने अराजी नं0- 149 पर कब्जा करके वहाँ से अन्य खेतों पर जाने वाले रास्ते को जबरन बन्द कर दिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती, एएसपी शिवम आशुतोष, थानाध्यक्ष सदर बाजार, नायब तहसीलदार सहित क्षेत्र के लेखपाल, कानूनगो आदि उपस्थित रहे।

# घटतौली प्रकरण: पल्लेदारों को हटाया, केन्द्र प्रभारी से कहा सुधर जाओ

### मण्डल में गेहूँ खरीद के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई- मण्डलायुक्त




**झांसी।** मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने मंडल में चल रही गेहूँ ख़रीद के सम्बन्ध में निर्देश दिए प्रत्येक क्रय केंद्र पर किसानों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि यदि केंद्र पर किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी, घटतौली या किसानों के उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त होती हैं तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने कहा कि मण्डल में शासन द्वारा आवंटित गेहूँ क्रय लक्ष्य से अधिक गेहूं खरीद की संभावनाएं हैं, अत: समस्त केंद्र प्रभारी अपने क्षेत्र में किसानों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए अधिक से अधिक गेहूं खरीद करना सुनिश्चित करें।

मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने कृषक सुनील कुमार पुत्र श्रीपत निवासी ग्राम रेवन तहसील मऊरानीपुर/विकास खंड मऊरानीपुर के द्वारा रेवन-बी पैक्स के गेहूँ क्रय केंद्र पर विक्रय किए गए गेहूं की घटतौली के संबंध में शिकायत करते हुए क्रय केंद्र पर हो रही अनियमितताओं जानकारी दी। मण्डलायुक्त ने उक्त शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल गेंहू की घटतौली किये जाने के प्रकरण की जांच कराए जाने के निर्देश दिए।

उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता ने रेवन बी-पैक्स गेहूं क्रय केंद्र की जांच अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील प्रभारी मऊरानीपुर द्वारा करवाते हुए बताया कि उक्त प्रकरण के अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा लिखित बयान में क्रय केन्द्र पर कार्यरत पल्लेदारों द्वारा घटतौली की पुष्टि की गई, शिकायत सही पाए जाने पर पल्लेदारों को हटाए जाने साथ ही केंद्र प्रभारी को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में अपनी देखरेख में खड़े होकर किसानों को गेहूँ खरीद करवाये जाने एवं पल्लेदारों द्वारा पुन: इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो के निर्देश दिए। उपायुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता ने बताया कि जांच के समय शिकायतकर्ता सुनील कुमार स्वयं उपस्थित रहे।

# तेज धमाके की आवाज, महानगर की पुलिस हो गई अलर्ट

#### किसी ने कहा-भूकंप के झटके तो किसी ने कहा कि सेना के जेट के उड़ान से आई आवाज

**झांसी।** बीती रात महागनर के लोगों को तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके की यह आवाज किसी बम की तरह थी। धमाके के बाद बहुत सारे लोग उत्सुकता में घर की छतों पर चढ़ गए और घटना की वजह जानने की कोशिश में लग गए। पुलिस अफसरों ने सभी थानों को अलर्ट जारी करते हुए इनपुट जुटाने को कहा। इसके साथ ही पब्लिक से मिली जानकारी को सेना के साथ साझा करते हुए धमाके की वजह का पता लगाने की कवायद शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार यह सामने आया है कि यह तेज धमाके की आवाज बबीना सैन्य क्षेत्र में सुपरसोनिक जेट के उड़ान भरने के कारण आई थी। पुलिस अथवा सेना से जुड़े किसी आधिकारिक व्यक्ति ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इस प्रकार के धमाकों से किसी की शीशे टूटे तो किसी के वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। वहीं, इस धमाके से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

धमाके की तेज आवाज के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई और फेसबुक, वॉट्सऐप समेत तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोग अपने अनुभव शेयर करने लगे। फेसबुक पर ममता मिश्रा ने लिखा कि झांसी शहर में अभी-अभी बहुत तेज धमाके की आवाज सुनाई दी लेकिन कोई बता नहीं रहा कि कहां धमाका हुआ।

# ड्राइवर को आई झपकी, लोडिंग आपे विद्युत पोल से टकराई

### एक की मौत, दूसरा घायल

**झांसी।** गरौठा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में लोडिंग आपे विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गरौठा-मऊरानीपुर मार्ग पर उस वक्त हुई, जब राजश्री गुटका लेकर जा रही लोडिंग आपे के चालक को अचानक झपकी आ गई।



बताया जा रहा है कि लोडिंग आपे मऊरानीपुर से गरौठा की ओर जा रही थी। तभी मोती विद्यालय के पास चालक को झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। जोरदार टक्कर के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊरानीपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, वहीं चालक को मामूली चोटें आईं। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने इस घटना को सड़क हादसा मानने से इनकार करते हुए इसे एक सोची-समझी साजिश बताया। परिजनों का कहना है कि मृतक की पहले से किसी से रंजिश चल रही थी और यह हादसा नहीं, बल्कि हत्या की साजिश है। घटना की सूचना मिलते ही गरौठा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और परिजनों के आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है।

मृतक के परिजन उमेशड़ कुमार बोले- यह कोई सामान्य हादसा नहीं है।

## तीन बदमाश गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**झांसी।** रेलवे पुलिस और आरपीएफ की क्राइम विंग टीम ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी के मोबाइल फोन आदि सामग्री बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। यहां से उनको जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक (रेलवे) विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जीआरपी, आरपीएफ व आरपीएफ क्राइम विंग टीम ने वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन के पास से दो बदमाशों को पकड़ लिया। रेलवे पुलिस के मुताबिक कानपुर देहात के थाना मूसानगर के गोसगंज निवासी विनय परनामी और गोण्डा निवासी लालमन को गिरफ्तार कर लिया।

# अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता से करें: सभापति

### अधिकारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जिलाधिकारी झांसी को मिली प्रशंसा

### सेवानिवृति कार्मिकों के समस्त देयकों का भुगतान समय से पूर्ण करें

### मृतक आश्रितों की नियुक्ति में मानकों के साथ मानवीय दृष्टिकोण का भी ध्यान रखें

**झांसी।** सभापति वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद पवन कुमार सिंह के सभापतित्व में जनपद झांसी, जालौन एवं ललितपुर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार, झांसी में आयोजित की गयी। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य एवं जनपद झांसी, जालौन एवं ललितपुर के जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। सभापति 卐वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति卐 उत्तर प्रदेश विधान परिषद पवन कुमार सिंह ने कहा कि अधिकारी अपने दायित्वों के संवेदनशील होकर कार्य करें, जिससे जनता को आपकी सेवाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने निष्ठापूर्वक सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा की। सभापति ने कहा कि जिन विभागों के वित्तीय प्रकरण कार्यालय एवं उच्च स्तर पर लम्बित है, उन विभागों के अधिकारी अपने मुख्यालय और महालेखाकार उत्तर प्रदेश से वार्ता/पत्राचार कर लम्बित प्रकरणों को शीघ्रता से साथ निस्तारित करायें, इसके साथ ही मृतक आश्रितों के विचाराधीन प्रकरण पर शैक्षिक योग्यता के आधार पर मानवीय दृष्टिकोण रखते हुये नियुक्ति की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।



#### अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी जालौन, अधिशाषी अभियंता नलकूप जालौन, यूनानी अधिकारी जालौन, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज जालौन, अधिशाषी अभियंता जल संस्थान ललितपुर तथा जिला बचत अधिकारी ललितपुर अनुपस्थित रहे, इस पर सभापति ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सख्त निर्देश दिये कि उक्त अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब कर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को सूचित करते हुये अपर मुख्य सचिव के समक्ष प्रेषित करें।

#### यह नेता व अफसर रहे मौजूद

समीक्षा बैठक के दौरान विधायक झांसी सदर रवि शर्मा, विधायक ललितपुर सदर रामरतन कुशवाहा, विधायक सदर जालौन गौरीशंकर वर्मा, सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन, सदस्य विधान परिषद डॉ.बाबूलाल तिवारी, सदस्य विधान परिषद जालौन विक्रान्त सिंह, विधान परिषद रामतीर्थ सिंघल, जिलाधिकारी झांसी मृदुल चौधरी, जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी ललितपुर अक्षय त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बीबीजीटीएस मूर्ति, पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक, उपाध्यक्ष झांसी विकास प्राधिकरण आलोक यादव, नगर आयुक्त झांसी सत्यप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद आदि उपस्थित रहे।

## बरुआसागर में दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार इको की टक्कर से सब्जी विक्रेता बुजुर्ग की मौत

**झांसी।** बरुआसागर में आज एक हृदयविदारक सड़क हादसा हुआ, जिसमें साइकिल से सब्जी बेचने जा रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति की जान चली गई। यह घटना किला रोड पर हुई, जब एक तेज रफ्तार इको गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतक की पहचान धनीराम रायकवार पुत्र दिल्ले के रूप में हुई है, जो बरुआसागर के खजरा गांव के निवासी थे और उनकी उम्र लगभग 70 वर्ष थी। जानकारी के अनुसार, धनीराम रोजाना की तरह अपनी साइकिल से सब्जी बेचने के लिए निकल रहे थे। कंपनी बाग के पास लगने वाली थोक सब्जी मंडी से सब्जी बेचकर वापिस आ रहे थे , जहां वे अपनी सब्जियां बेचने जाते थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि किला रोड के पास एक तेज रफ्तार से आ रही इको गाड़ी ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि धनीराम गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, घायल बुजुर्ग को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर गंभीर हालत में झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र
जनहित का सजग प्रहरी
जन जन जागरण
झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित
आवश्यकता है

दैनिक समाचार पत्र जन जन जागरण को जनपद ब्यूरो व तहसील सवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क कर सकते है। जिन्हें दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने का ज्ञान हो। जहां पर प्रतिनिधि चाहिए उन स्थानों के नाम दिए जा रहे है।

**जनपद झांसी:** रक्सा, बड़ागांव, चिरगांव, मोंठ, पूंछ, ऐरच, गुरसरांय, बामौर, ककरबई, मऊरानीपुर, टहरौली, टोड़ीफतेहपुर, रानीपुर, सकरार, आदि।

**जनपद ललितपुर:** तालबेहट, पूराकलां, बांसी, बार बानपुर, महरौनी, मड़ावरा, जाखलौन, जखौरा, विरधा, पाली, बालाबेहट, राजघाट आदि।

**जनपद उरई:** एट, आटा, कुठौंद, जालौन, कालपी, कोंच, कदौरा, माधौगढ़, आदि।

**जनपद महोबा:** कबरई, चरखारी, खरेला, बेलाताल, श्रीनगर, जैतपुर, आदि।

**ब्यूरो प्रमुख:** जनपद हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, कानपुर, उन्नाव, आगरा, इटावा, औरैया, मैनपुरी, आदि जनपदों में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।

सम्पर्क: 9936277530, 9450071944

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946